mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-150 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
02 जून 2025 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



भारत ने एशियाई...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की बढ़ी मुश्किलें

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें अब बढ़ने वाली हैं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने रविवार को शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने के मामले में सामूहिक हत्या सहित कई गंभीर आरोपों में अभ्यारोपित कर दिया है। रविवार की कार्यवाही के बाद यह तय हो गया है कि हसीना के खिलाफ मुकदमा उनकी अनुपस्थिति में शुरू किया जाएगा। बांग्लादेश में यह प्रक्रिया उस समय शुरू हुई है जब हसीना सरकार के सत्ता से हटने को लगभग दस महीने बीत चुके हैं। इस मामले में तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण पीठ ने अभियोजन पक्ष द्वारा हसीना पर प्रदर्शनों को क्रूरता से कुचलने के आरोप औपचारिक रूप से दर्ज किए जाने के बाद कहा, ÷हम आरोपों को



संज्ञान में लेते हैं।÷ इसके साथ ही न्यायाधिकरण ने शेख हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। तीसरे आरोपी, उस समय के पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून फिलहाल हिरासत में हैं, और उनके खिलाफ मुकदमा उनकी उपस्थिति में ही चलेगा। यह पहली बार है कि बांग्लादेश के इतिहास में किसी न्यायाधिकरण की कार्यवाही का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया है। कहा जा रहा है कि इसका मतलब भारत में शरण लेकर रह रही शेख हसीना को सीधा संदेश देने है। ताकि वह दहशत में आ सकें। गौरतलब है कि शेख हसीना की सरकार पिछले वर्ष 5 अगस्त को छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद सत्ता से हट गई थी। इसके बाद से उनके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे चलाए जा रहे हैं।

### एशिया-प्रशांत क्षेत्र को बीजिंग से खतरा बताए जाने से हेगसेथ पर भड़का चीन

बीजिंग (एजेंसी)। एशिया-प्रशांत क्षेत्र को बीजिंग से खतरा बताने जाने पर चीन अमेरिका पर भड़क उठा है। चीन ने रविवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ द्वारा एशियाई देश (खासकर चीन) को ÷खतरा÷ कहे जाने की आलोचना की और उन पर शीत युद्ध (कोल्ड वार) की मानसिकता फैलाने का आरोप लगाया। बता दें कि दोनों देशों के बीच हाल की कई क्रमिक घटनाओं से वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव और



बढ़ गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हेगसेथ ने एक दिन पहले सिंगापुर में आयोजित शांग्री-ला संवाद (एक वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन) में बीजिंग को बदनाम करने वाले झूठे आरोप लगाए। मंत्रालय ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका क्षेत्र में संघर्ष और टकराव को बढ़ावा दे रहा है। बयान में कहा गया, ÷हेगसेथ ने क्षेत्र के देशों की शांति और विकास की अपील को जानबूझकर नजरअंदाज किया और इसके बजाय गुटीय टकराव के लिए शीत युद्ध की मानसिकता को बढ़ावा दिया।÷ चीन ने कहा, ÷अमेरिका को छोड़कर दुनिया में कोई भी देश %आधिपत्यवादी शक्ति% नहीं कहा जा सकता। बीजिंग ने यह भी आरोप लगाया कि वाशिंगटन एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को कमजोर कर रहा है। बता दें कि हेगसेथ ने शनिवार को सिंगापुर में कहा था कि वाशिंगटन बीजिंग द्वारा उत्पन्न तेजी से बढ़ते खतरों का मुकाबला करने के लिए विदेशों में अपनी रक्षा क्षमताएं मजबूत करेगा। अमेरिका ने कहा था कि विशेष रूप से ताइवान पर चीन के आक्रामक रुख को देखते हुए हम ऐसा करेंगे।

## आंधी की वजह से एयर टर्बुलेंस में फंसा इंडिगो का विमान, यात्रियों में हड़कंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में आए आंधी-तूफान की वजह से इंडिगो का विमान एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा जिसके चलते दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग में देरी हुई। यह विमान रायपुर से दिल्ली आ रहा था। धूल भरी आंधी की वजह से फ्लाइट में काफी देर तक टर्बुलेंस होता रहा। इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मचा रहा। हालांकि बाद में विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया गया। बताया जाता है कि टच डाउन से पहले हालात को देखते हुए पायलट ने विमान की लैंडिंग नहीं की और विमान को ऊपर ले लिया। आसमान में कई चक्कर लगाने के बाद जब 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवा थोड़ी शांत हुई तब जाकर फ्लाइट 6श्च 6313 को लैंड कराया गया। पायलट की सूझबूझ से विमान की सेफ लैंडिंग हुई। लेकिन इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मचा रहा। इसका वीडियो भी सामने आया है।

**नोएडा, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा में भी आंधी और बारिश**

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी और बारिश से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से राहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में आंधी और बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। तापमान में गिरावट से लोगों को उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। दोपहर बाद आसमान पर घने बादल छाने लगे। देखते ही देखते अंधेरा छाने लगा। इसी बीच तेज हवा के साथ धूल भरी आंधी चलने लगी। आंधी के साथ हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया।

राजधानी दिल्ली में करीब 65 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। कमोबेश यही हाल दिल्ली के आसपास के इलाकों को भी रहा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद जैसे इलाकों में भी देखते ही देखते अंधेरा छाने लगा और तेज हवाएं चलने लगीं। तेज हवाओं के बाद बारिश शुरू हो गई।



बता दें कि मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान जताया था। आंधी और बारिश से इस पूरे इलाके में गर्मी का प्रभाव काफी कम हो गया है। सुबह से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को काफी राहत मिली है। तापमान में करीब 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान है।

इससे पहले शनिवार शाम में भी दिल्ली के कई इलाकों में 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं थीं। नजफगढ़ में हवा की गति 46 किलोमीटर प्रति घंटा, नारायणा में 41 किलोमीटर प्रति घंटा, पीतमपुरा में 31 किलोमीटर प्रति घंटा, पालम में 56 किलोमीटर प्रति घंटा और प्रगति मैदान में 48 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई थी। शनिवार शाम 4.15 से 4.30 बजे के बीच ये हवाएं चलीं। आईएमडी ने के मुताबिक सफदरजंग - में शाम 4.30 बजे हवा की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, तथा दोपहर 3.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच तापमान में लगभग छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई।

## दिल्ली में 300 से ज्यादा अवैध निर्माण को किया जा रहा ध्वस्त

दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जंगपुरा इलाके में नगर निगम और प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जंगपुरा इलाके के अवैध मद्रासी कैंप पर रविवार सुबह से ही बुलडोजर एक्शन हो रहा है। अब तक 200 से ज्यादा घरों को ध्वस्त किया जा चुका है। मद्रासी कैंप में 300 अवैध घर हैं। इनको हटाने के लिए बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। ये कार्रवाई सुबह तड़के शुरू हुई है। डीडीए के अधिकारियों की अगुवाई में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स एक साथ मिलकर बस्ती में एंट्री किया। अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कई जेसीबी मशीनें और बुलडोजर लगाए गए। सुरक्षा के लिए दूसरी पैरामिलिट्री फोर्सेस की भी तैनाती की गई। फिर बुलडोजर एक्शन शुरू हुआ। मद्रासी कैंप में रह रहे लोगों ने इसका विरोध किया। लोग धरने पर बैठ गए। पुलिस ने लोगों को उठाया। लोग प्रशासन की कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। जंगपुरा इलाके में मद्रासी कैंप को गिराने के लिए हाईकोर्ट ने 9 मई को आदेश दिया था। इसके बाद कई बार प्रशासन की तरफ से लोगों को घर खाली करने के नोटिस दिए गए, लेकिन इसके बावजूद लोगों ने घर खाली नहीं किए।



## 'सत्ता, धन, भूमि, सिंडिकेट... असम सरकार में गहराई तक लिप्त'

**गौरव गोगोई बोले- कांग्रेस को मजबूत करना ही होगा**



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगोई ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नीत राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ मोर्चे को केवल ÷सत्ता, धन, भूमि और सिंडिकेट÷ की परवाह है, जिसकी वजह से गुवाहाटी में विनाशकारी बाढ़ और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। गोगोई ने इस स्थिति के लिए मुख्य कारण सत्तारूढ़ पार्टी के करीबी मंत्रियों और लोगों द्वारा आर्द्रभूमि पर किए गए अतिक्रमण को बताया।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने रविवार सुबह शिवसागर से नागांव तक 250 किलोमीटर लंबी यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के दौरान हजारों समर्थकों के साथ उनका काफिला शाम को जोरहाट और गोलाघाट से गुजरा। शिवसागर शहर में ऐतिहासिक शिव दौल (मंदिर) के दर्शन करने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए गोगोई ने कहा, ÷यह सरकार सत्ता, धन, भूमि हड़पने और सिंडिकेट में गहराई तक लिप्त है। गुवाहाटी के आम लोगों की जरूरतों के बजाय अनियोजित निर्माण, भूमि हड़पना और ठेकेदार केंद्रित फ्लाईओवर प्राथमिकता बन गए हैं।÷

असम की राजधानी गुवाहाटी में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी बारिश की वजह से लगभग सभी सड़कें और कई रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं। दो दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण सभी इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है, जबकि कुछ जगहों पर तो इससे भी अधिक पानी भरा है।

## 'देखते रहिए, POK के टुकड़े होने वाले हैं'

**तेलंगाना सीएम के बयान पर बृजभूषण शरण सिंह का जवाब**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को लेकर पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि देखते रहित पीओके के टुकड़े होने वाले हैं। इसके साथ ही उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को करारा जवाब दिया है। रेवंत रेड्डी ने कहा था कि देश को राहुल गांधी के नेतृत्व की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया था कि अगर राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री होते तो आज पीओके भारत का हिस्सा होता। रेवंत रेड्डी को जवाब देते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा ÷पीओके किसने दिया? तुष्टिकरण की राजनीति किसने शुरू की? किसके शासन में इस देश का बंटवारा हुआ? कांग्रेस के शासन में। कांग्रेस पीओके वापस नहीं ले सकती। भाजपा पीओके वापस लेगी। देखते रहिए, पीओके के टुकड़े होने वाले हैं।÷



राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने कहा ÷राहुल गांधी कभी इस देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। क्योंकि उनका विजन अभी तक स्पष्ट नहीं है। वह कठपुतली हैं। उनकी विचारधारा टुकड़े-टुकड़े गैंग से मिलती है। वह पाकिस्तान को खुश करने के लिए बयान देते हैं। अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन भी गए तो वह निश्चित रूप से इस देश को बेच देंगे।÷

29 मई को हैदराबाद में रेवंत रेड्डी ने कहा था कि पीएम मोदी को यह बताना चाहिए कि पाकिस्तान ने भारत के कितने राफेल मार गिराए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा के बावजूद पीएम मोदी पाकिस्तान से कश्मीर नहीं ले सके। वह बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग नहीं कर सके। इंदिरा गांधी का उदाहरण देते हुए रेड्डी ने कहा था कि तब भी अमेरिका ने दबाव बनाया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के बाद ही दम लिया। रेवंत रेड्डी के अलावा भी कांग्रेस और विपक्ष के कई अन्य नेताओं ने संसद के विशेष सत्र की मांग की है। मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कहा था कि सरकार को विशेष सत्र बुलाना चाहिए, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सवाल पूछे जा सकें।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज करेंगे शादी

**सगाई 8 जून को लखनऊ में होगी और शादी इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी**

जौनपुर (एजेंसी)। भारत के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की सगाई और शादी की तारीख सामने आ गई है। दोनों जल्द एक नए रिश्ते की शुरुआत करने वाले हैं। दोनों की सगाई 8 जून को लखनऊ में होगी और शादी इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने बताया, सगाई में केवल परिवार के लोग और करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही शामिल होंगे। वहीं शादी में ग्रांड सेलिब्रेशन होगा और उसमें क्रिकेटर्स, बॉलीवुड स्टार्स, बिजनेसमैंस और प्रमुख राजनेता शामिल हो सकते हैं। सपा विधायक तूफानी सरोज ने बताया, अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया।



**कौन हैं प्रिया सरोज; कहां से की है पढ़ाई?** प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र से 2024 के आम चुनाव में पहली बार सांसद बनी हैं। वह पेशे से अधिवक्ता हैं और उनकी उम्र 26 साल है। उनके पिता का नाम तूफानी सरोज है, जो जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक हैं। प्रिया सरोज का जन्म वाराणसी में हुआ था। उन्होंने नई दिल्ली के एयर फोर्स गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट से स्कूली पढ़ाई की है और फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए और एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा से एलएलबी की है। वे सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर चुकी हैं।

रिंकू सिंह भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने भारत के लिए 2 एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह अपनी धारदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। रिंकू का जन्म यूपी के अलीगढ़ में हुआ। वह एक गरीब परिवार से थे। उनके पिता एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी का काम करते थे। पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर रिंकू ने काफी इकोनॉमिक परेशानियां झेलीं लेकिन आज वह ऊंचे मुकाम पर हैं। उन्होंने ये मुकाम अपनी मेहनत और लगन से हासिल किया है।

## दिल्ली में हुआ सिलेंडर ब्लास्ट, तीन नाबालिग भाइयों सहित चार झुलसे

दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके में शनिवार दोपहर एक गोदाम में सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस कारण तीन नाबालिग भाइयों सहित चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय अधिकारी ने कहा कि विस्फोट शाम करीब साढ़े चार बजे एक भंडारण एवं मरम्मत इकाई में हुआ, जहां मरम्मत कार्य के दौरान कथित तौर पर सिलेंडर फट गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि झुलसे लोगों की पहचान तीन भाइयों साकिब (7), अब्बास (9) और राजा (3) के अलावा अरशद (22) के रूप में हुई। तीनों बच्चे अफसार नामक व्यक्ति के पुत्र हैं। पुलिस ने कहा कि साकिब 90 प्रतिशत, अब्बास और राजा 85 प्रतिशत तथा अरशद 70 प्रतिशत तक झुलस गया है। अधिकारी ने कहा कि घटना के समय अरशद गोदाम के अंदर काम कर रहा था। विस्फोट की सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चार मंजिला आवासीय इमारत के भूतल पर एक दुकान में सीएनजी सिलेंडर रखे जा रहे थे और उनकी मरम्मत की जा रही थी। मरम्मत कार्य के दौरान एक सिलेंडर कथित तौर पर फट गया, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। पुलिस ने कहा कि विस्फोट इतना जोरदार था कि गोदाम का लोहे का गेट टूट गया और इसका मलबा नजदीक में खेल रहे तीन बच्चों पर जा गिरा।



# मोदी कैबिनेट में मंत्री रहते भी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे चिराग पासवान!



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार के मंत्री चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं। चिराग के बाद उनके बहनोई अरुण भारती ने भी इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने यहां तक

**● बहनोई अरुण भारती ने दिए संकेत**

कह दिया कि चिराग को किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। चिराग पासवान के बहनोई और जमुई से सांसद अरुण भारती ने चिराग पासवान के किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ने की बात कही है। इससे पहले चिराग पासवान खुद कई बार यह कह चुके हैं कि वह बिहार



विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। पिछले सप्ताह चिराग पासवान ने हाजीपुर में विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी।

अरुण भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा ÷जब नेता पूरे बिहार का है, तो सीट का दायरा क्यों सीमित हो ? कार्यकर्ताओं की यह भी भावना है कि इस बार चिराग पासवान जी बिहार विधानसभा के चुनाव में किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें। चिराग पासवान अब सिर्फ एक समुदाय की नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं।÷

**हाजीपुर से सांसद हैं चिराग:** चिराग पासवान हाजीपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद और मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। चिराग कुमार पासवान वर्तमान मोदी 3.0 कैबिनेट में कैबिनेट मंत्री हैं। उन्होंने 9 जून 2024 को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप मे शपथ ली थी। उन्हें पीएम मोदी का हनुमान भी कहा जाता है। पीएम मोदी के साथ उनके रिश्ते काफी अच्छे हैं और देना हमेशा गर्मजोशी के साथ मिलते हैं।

**लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़ा चिराग का कद:** चिराग पासवान के चाचा पशुपति पारस ने सांसदों को साथ लेकर अलग पार्टी बना ली थी और एनडीए में शामिल हो गए थे। ऐसे में चिराग के खेमे में कोई सांसद नहीं बचा था। इसके बाद उन्होंने लगातार मेहनत की और एनडीए में शामिल होकर अपने नेताओं के लिए टिकट हासिल किया। इसके बाद जनता के बीच अपनी पकड़ बनाई और पार्टी के पांच उम्मीदवारों को जीत दिलाने में सफल रहे। एनडीए की गठबंधन सरकार में उन्हें मंत्री पद भी दिया गया। अब वह पीएम मोदी के करीबी नेताओं में शामिल हैं और उनके पास मंत्रालय भी है। ऐसे में उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना कम हो, लेकिन उन्होंने खुद और अब उनके जीजा अरुण बहनोई ने इसके संकेत दिए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी विश्व दुग्ध दिवस की सभी दुग्ध पालकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व दुग्ध दिवस पर बधाई दी है। मध्यप्रदेश गौसेवा के संकल्प के साथ दुग्ध से समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत गोपालन करने वाले आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और देश के दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान 9 से बढ़ाकर हम 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने अनुबंध किया है, जिससे प्रदेश के ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि जाएगी। सांची ब्रांड को लोकप्रिय बनाया जा रहा है। गौशालाओं और गोपालकों को पूरा प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश में गाय के दूध से निर्मित उत्पाद और औषधियां अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। मध्यप्रदेश देश की डेयरी केपिटल बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुग्ध पालकों को विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं।

## हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा-2025 के आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

## 1912 - क्विक डेस्क हेल्पलाइन सेवा का शुभारंभ - उच्च दाब उपभोक्ताओं के लिए त्वरित समाधान

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 10 किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत भार वाले उपभोक्ताओं (हाई वैल्यू कंज्यूमर) की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिये 1912 – क्विक डेस्क हेल्पलाइन की स्थापना की है। पिछले कुछ समय से उच्चदाब, औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति, बिलिंग और अन्य सेवाओं में विलंब की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। कंपनी ने 1912 पर केंद्रीकृत उपभोक्ता सेवा केंद्र निदान के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया है। किन्तु उच्चदाब उपभोक्ताओं को शीघ्र समाधान हेतु विशेष क्विक डेस्क हेल्पलाइन स्थापित की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से उपभोक्ता नई विद्युत कनेक्शन, बिलिंग, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतें पंजीकृत करवा सकते हैं।

## भोपाल में गूंजेगा भक्तिरस, नौका पर रचेगा रास

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। झीलों की नगरी भोपाल आज एक बार फिर भक्ति की गूंज से सराबोर होने जा रही है। श्री श्याम ताली संकीर्तन परिवार (रजि.), भोपाल द्वारा आयोजित श्री श्याम अलबेला नौका विहार महोत्सव आज, रविवार 1 जून 2025 को शाम 7 बजे से शीतल दास की बगिया, कमला पार्क में होगा। आयोजन की अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरे परिसर को लाइट, फूलों और दीपों से सजाया गया है।हर साल की तरह इस साल भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण नौका महारास लीला होगी, जिसमें झील के बीच नौका पर श्री श्याम और राधारानी की रासलीला का जीवंत मंचन किया जाएगा। यह आयोजन भक्तों को ऐसा प्रतीत कराएगा मानो वृंदावन की यमुना तट पर श्रीकृष्ण स्वयं रास रचा रहे हों। बाबा श्याम का इस अवसर पर कोलकाता के विशेष फूलों से श्रृंगार किया जाएगा और छप्पन भोग अर्पित कर पूजन किया जाएगा।

# क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ करें कार्रवाई : ऊर्जा मंत्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** विद्युत वितरण कम्पनी के एसई, ईई, एई और डीई लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर विद्युत वितरण सिस्टम की समीक्षा करें। क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शनिवार को विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली ट्रिपिंग की समीक्षा के दौरान दिये।

श्री तोमर ने कहा कि हर अधिकारी बिजली उपभोक्ताओं के फोन जरूर सुने। फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आँधी और वर्षा के दौरान बिजली गुल होने पर त्वरित कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति शुरू करवायें। श्री तोमर ने कहा कि आवश्यकता अनुसार एफओसी की टीम बढ़ायें।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर में अधिक लोड के कारण बिजली गुल होने के साथ ही वह जल भी जाते हैं। इसके लिये जरूरी है कि सर्वे करवा कर उपयुक्त क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किये जायें। उन्होंने कहा कि कॉल-सेंटर की क्षमता में वृद्धि की जाये, जिससे उपभोक्ताओं को समस्या दर्ज कराने के लिये ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े।

विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी सर्वश्री अनय द्विवेदी, क्षितिज सिंघल और अनूप सिंह ने विद्युत ट्रिपिंग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी दी।



## बिजली कंपनी का उपाय ऐप हुआ अपग्रेड

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है।

उपभोक्ता अब उपाय के माध्यम से कंपनी के अधिकृत कर्मचारी की पहचान हेतु उससे कर्मचारी नंबर पूछकर उपाय एप के एम्पलाई वेरिफिकेशन फीचर के माध्यम से देख सकेंगे और अनधिकृत व्यक्ति तथा जालसाजों द्वारा बिजली कार्मिक बनकर किये जाने वाले धोखे से भी बच सकेंगे।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करना कंपनी का प्राथमिक दायित्व है और इसी क्रम में कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उपाय ऐप को अपग्रेड किया गया है। इससे उपभोक्ता अब आसानी से अपने बिजली बिलों के भुगतान के साथ ही कनेक्शन संबंधी अन्य सेवाओं जिनमें बिल भुगतान, नवीन कनेक्शन आवेदन, बिल कंप्लेंट, पॉवर कंप्लेंट, कंप्लेंट स्टेट्स, बिल कैल्कुलेटर, बिजली चोरी की सूचना (इनफॉर्मर स्कीम), नेट मीटरिंग (सोलर रूफटॉप), विजिलेंस बिल भुगतान, ई-केवायसी, स्मार्ट मीटर खपत विवरण जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उठा सकेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है वे गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप को डाउनलोड कर बिजली संबंधी सेवाओं का लाभ उठाएं।

## भोपाल से दतिया तक लायबिग की ट्रायल उड़ान, रेग्युलर लाइट 2 जून से

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। दतिया में एयरपोर्ट बनने के साथ ही भोपाल से दतिया के बीच फ्लायबिग की उड़ान शुरू हो रही है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दतिया एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही भोपाल से दतिया के बीच एक दिन के लिए परीक्षण उड़ान होगी। भविष्य में इसे सप्ताह में चार दिन चलाया जा सकता है। भोपाल से सतना एवं खजुराहो तक भी सीधी उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव है। रीजनल कनेक्टिविटी के तहत हाल ही में रीवा उड़ान भी प्रारंभ हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भोपाल स्थित जंबूरी मैदान से दतिया में नए एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। शुभारंभ अवसर पर दतिया एयरपोर्ट से महिला यात्रियों को लेकर विमान उड़ान भरेगा। इनमें आठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला पुलिस कर्मी शामिल होंगी। इस मौके पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु मुख्य अतिथि, प्रभारी मंत्री ऐंदलसिंह कंषाना, सांसद संध्या राय एवं पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। समारोह की शुरुआत सुबह साढ़े 10 बजे से होगी। बता दें, दतिया मप्र का आठवां पब्लिक एयरोड्रम हवाई अड्डा होगा। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए ने 118 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित दतिया हवाई अड्डे को थ्रीसी वीएफआर श्रेणी के तहत पब्लिक एरोड्रम के रूप में लाइसेंस प्रदान किया है। नियमित फ्लाइट दतिया एयरपोर्ट से दो जून को आरंभ हो जाएगी।




## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 16 जून को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कंपनी के स्थापना दिवस के अवसर पर 16 जून को कंपनी मुख्यालय के साथ ही भोपाल क्षेत्र तथा ग्वालियर क्षेत्र में विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गोविन्दपुरा स्थित मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय में बिजली कार्मिकों द्वारा वृक्षारोपण करने के साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान किया जाएगा। इसी प्रकार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मैदानी कार्यालयों द्वारा भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही शत-प्रतिशत बिजली बिल भुगतान करने वाले बिजली उपभोक्ताओं और कंपनी कार्यों में सहयोग करने वाले स्थानीय नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया है कि राजधानी भोपाल में 16 जून को गोविन्दपुरा स्थित कंपनी मुख्यालय में प्रात: 11 बजे कंपनी के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्मिकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर गोविन्दपुरा स्थित कंपनी के प्रांगण के सभी कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी एमडी कार्यालय के समक्ष एकत्रित होंगे। इसी प्रकार कंपनी के कार्यक्षेत्र के सभी क्षेत्रीय, वृत्त, संभाग तथा विद्युत वितरण केन्द्रों पर कार्यालय प्रमुख के द्वारा कार्मिकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया है कि 31 मई 2002 को कंपनी का गठन हुआ था और इस अवसर को कंपनी के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान कंपनी के सभी कार्यालयों में शपथग्रहण, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, उच्चदाब-निम्नदाब बिजली उपभोक्ताओं और नागरिकों का सम्मान, कार्यालयों की साफ-सफाई, कार्यालयीन रिकार्ड का व्यवस्थित रखरखाव, अनुपयोगी सामग्री का निपटान जैसे कार्य भी किये जाएंगे।


## नशे के विरुद्ध लड़ाई में मैं साथ हूँ -मंत्री पटेल

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि नशे के विरुद्ध एवं उसकी रोकथाम के लिए हमें संकल्प लेकर अभियान चलाना चाहिए। ऐसे संस्थान या लोग जो समाज को नशे से मुक्त कराने के लिए संकल्पित हैं, मैं उनके साथ हूं। मैं अभिनंदन करता हूं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हर प्रकार के नशे का प्रतिरोध किया जाना चाहिए। नशे के खिलाफ लड़ाई में संकल्पित अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नशे के विरोध में उत्कृष्ट कार्य के लिये कायस्थम संस्था की प्रशंसा की। मंत्री श्री पटेल ने नशे की रोकथाम के लिए संचालित नशा मुक्ति केंद्र और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया। प्रारंभ में मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों ने श्री शरद श्रीवास्तव के छाया चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसकी सराहना की।

सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने समाजसेवियों से कहा कि कहने से ज्यादा करने में विश्वास करें, तभी इस अभियान में सफल होंगे। वरिष्ठ पत्रकार श्री महेश श्रीवास्तव ने कहा कि दृश्य माध्यम से मनुष्य ज्यादा प्रभावित होता है।

## एनएएफएलडी स्क्रीनिंग के लिए स्वस्थ यकृत मिशन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग के लिए स्वस्थ यकृत लीवर मिशन आज से भोपाल सहित प्रदेश में शुरू किया जा रहा है। जिसमे 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की सामुदायिक स्क्रीनिंग जाएगी। 21 मई को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया था। ये अभियान लीवर संबंधी बीमारियों की जागरुकता, प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है। मिशन के लिए मध्यप्रदेश सरकार और लीवर लवर एंड बिलयरी साइंसेस इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के बीच एमओयू साइन किया गया है।अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताएं प्रारंभिक स्क्रीनिंग करेंगी। संदिग्ध मामलों के लिए जांच की जाएगी।




बीएमआई 23 से अधिक होने, महिलाओं में कमर का माप 80 सेमी और पुरुषों में 90 सेमी से अधिक होने, मधुमेह का इतिहास होने की जानकारी ली जाएगी। संदिग्ध मामलों की जानकारी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ साझा की जाएगी। इन लोगों को लीवर को स्वस्थ रखने के लिए घर में उपलब्ध पौष्टिक आहार के सेवन, शराब एवं धूम्रपान से दूर रहने की सलाह देकर नियमित फॉलोअप किया जाएगा। स्कोर की गणना के आधार पर प्लेटलेट काउंट, जांच की जाएगी। चिकित्सकीय सलाह पर किया जायेगा। पूर्व में विभाग द्वारा असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए निरोगी काया अभियान संचालित किया गया था। जिसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर के अलावा नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज स्क्रीनिंग को भी शामिल किया गया था। अभियान में 50 हजार से अधिक लोगों में नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग की गई है। इस सम्बन्ध में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है जिसमें लीवर के कार्य, लीवर संबंधित समस्याओं, लक्षणों की पहचान, खानपान, व्यायाम एवं जीवनशैली, बीएमआई कैलकुलेशन की जानकारी दी गई है। लीवर का मुख्य कार्य रक्त को साफ करना, विषाक्त पदार्थों को हटाना और पोषक तत्वों को संधारित करना,शरीर में ऊर्जा के स्तर को नियंत्रित करना, रक्त के थक्के को बनाए रखना, पित्त के उत्पादन, प्रोटीन, विटामिन और खनिज पदार्थों के उत्पादन जैसे कई कार्य लीवर 24 घंटे करता रहता है। लीवर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं जिसमें फैटी लिवर, लीवर फाइब्रोसिस, हेपेटाइटिस, सिरोसिस लीवर कैंसर प्रमुख हैं।

# सघन टीबी मुक्त भारत अभियान भोपाल सहित पूरे प्रदेश में संचालित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** टीबी मुक्त भारत अभियान को विस्तार देते हुए सघन टीबी मुक्त भारत अभियान आज से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच और उपचार प्रदान करना है। इसके पूर्व प्रदेश के 23 उच्च-प्राथमिकता वाले जिलों में 100 दिवसीय निक्षय शिविरों का आयोजन 7 दिसंबर से 25 मार्च तक आयोजित किया गया था। अभियान में मधुमेह के मरीजों, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले, शराब सेवन करने वाले, पूर्व टीबी मरीज, संपर्क व्यक्ति और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को लक्षित किया जा रहा है। लक्षण वाले मरीजों में



एक्स-रे जैसी आधुनिक तकनीकों से जांच की जाएगी। भारत को 2030 तक टीबी उन्मूलन किया जाना है।

अभियान के माध्यम से टी बी दर में 80 प्रतिशत कमी (43 प्रति लाख), मृत्यु दर में 90 प्रतिशत कमी लाना है एवं टी बी मरीज पर आ रहे आर्थिक बोझ को शून्य करना है।मध्यप्रदेश ने 3000 प्रति लाख प्रति वर्ष की राष्ट्रीय वार्षिक औसत दर के लक्ष्य के मुकाबले 3342 प्रति लाख जनसंख्या प्रति वर्ष की वार्षिक अनुमानित टीबी परीक्षण दर हासिल की है। साथ ही वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य 1.90 के विरुद्ध 1.81 टी बी के मरीजों को चिह्नांकित कर उचित उपचार प्रदान किया जा चुका है। जिसमे उपचार सफलता दर 87 प्रतिशत रही है। सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि सीधे मरीजों के खातों में भेजी जा रही है। प्रत्येक टीबी मरीज को ?1,000 प्रति माह पोषण आहार हेतु दिए जा रहे हैं। विशेष रूप से आदिवासी विकासखंडों के रोगियों को उपचार समाप्ति के पश्चात ? 750 अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को भी आवश्यक भुगतान की व्यवस्था की गई है।

## मध्य प्रदेश में नहीं बनेंगे बच्चों में आक्रामकता और हिंसक प्रवृत्ति बढ़ाने वाले खिलौने



मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। बच्चों में आक्रामकता और हिंसक प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाले खिलौनों का प्रदेश में निर्माण नहीं किया जाएगा। इस तरह के खिलौने बनाने वाले उद्योगों को राज्य सरकार हतोत्साहित करेगी। उन्हें अनुदान नहीं दिया जाएगा। वहीं सकारात्मकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाले खिलौनों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। सामाजिक सुधार की दिशा में राज्य सरकार शीघ्र आवश्यक उपाय करने जा रही है। दरअसल, सरकार का मानना है कि बच्चों में आक्रामकता फैलाने वाले खिलौनों के कारण हिंसक प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। पिछले दिनों सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में यह विषय आया था। वहां एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने आक्रामकता और हिंसक प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाले खिलौनों के निर्माण को हतोत्साहित कर सकारात्मक, रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाले खिलौने के निर्माण को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया था। बैठक में यह विषय पूर्व मंत्री ओम प्रकाश सखलेचा ने भी उठाया था। उनका यह कहना था कि बच्चों में आक्रामकता फैलाने वाले खिलौनों के कारण हिंसक प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए अब विभाग कार्ययोजना बना रहा है। प्रदेश में इंदौर के ग्राम रंगवासा और सीहोर के बुदनी में खिलौना क्लस्टर को सरकार प्राथमिकता में रखते हुए प्रोत्साहित कर रही है। मध्य प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से इन दोनों ही औद्योगिक क्षेत्रों में खिलौना क्लस्टर स्थापित किया जा रहा है।

## एक हजार से अधिक रेल यात्रियों को होगी असुविधा

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। रेलवे प्रशासन ने रीवा से चेर्लापल्ली (सिकंदराबाद) और वापसी मार्ग पर चलने वाली स्पेशल ट्रेन की कुल दस ट्रिप (पांच अप और पांच डाउन) को निरस्त करने का निर्णय लिया है। यह फैसला दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में अधोसंरचना विकास कार्यों के अंतर्गत लिया गया है।

दरअसल, दक्षिण-मध्य रेलवे के बेल्लमपल्ली रेलवे स्टेशन पर यार्ड के विस्तारीकरण और थर्ड रेल लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री-एनआई और एनआई कमीशनिंग का कार्य किया जाएगा। इस तकनीकी और संरचनात्मक कार्य के चलते इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित होगी।

परिणामस्वरूप, पश्चिम-मध्य रेलवे से संचालित होने वाली रीवा-चेर्लापल्ली (सिकंदराबाद) स्पेशल ट्रेन को पांच ट्रिप के लिए रद किया गया है। बता दें कि मध्य प्रदेश के अनेक स्टेशनों से इस ट्रेन में प्रति ट्रिप करीब 1000 से अधिक यात्री सफर करते हैं।

गाड़ी संख्या 01704 - यह ट्रेन रीवा से चेर्लापल्ली (सिकंदराबाद) के लिए सप्ताह में दो बार चलती है। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह ट्रेन 5 से 19 जून 2025 तक सभी ट्रिप्स में रीवा से प्रस्थान नहीं करेगी।

# शहडोल के ट्रैफिक कॉन्स्टेबल का सनरूफ वीडियो वायरल



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल के यातायात पुलिस थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल स्टेबल विवेकानंद तिवारी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। उन्होंने हाल ही में कार के सनरूफ पर खड़े बच्चों को नीचे बैठने की सलाह देते हुए एक वीडियो बनाया।इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर चार दिन में एक करोड़ 42 लाख लोगों ने देखा। विभिन्न प्लेटफॉर्म पर मिलाकर इसे 3 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा है।वीडियो में तिवारी एक कार चालक को समझाते दिख रहे हैं कि सनरूफ पर बच्चों को खड़ा करना खतरनाक है। अचानक ब्रेक लगने पर बच्चे गिर सकते हैं और दुर्घटना हो सकती है।कोरोना काल के बाद से तिवारी यातायात जागरूकता के वीडियो बना रहे हैं। वे इन्हें यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपलोड करते हैं। यूट्यूब पर उनके 80 लाख, फेसबुक पर 46 लाख और इंस्टाग्राम पर 16 लाख फॉलोअर्स हैं।विवेकानंद तिवारी को अपना काम बेहद पसंद है। वे लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए वीडियो बनाते हैं। उनकी पत्नी वंदना इन वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने में मदद करती हैं।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों की समस्याओं का निराकरण कर दी गई जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अग्रणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये 29 मई को विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तीसरे दिन 31 मई को प्रत्येक विकासखण्ड के 3-3 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम अनुसार जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड




विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

जिसमें सोहावल विकासखण्ड के मसनहा, रैगांव, ग्राम पंचायत बचवई, विकासखण्ड रामपुर बाघेलान के ग्राम पंचायत इटमा, कोटार, बीदा, असरार, विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत बरौंधा, अर्जुनपुर, महतैन, विकासखण्ड नागौद के ग्राम पंचायत अतरौरा, पनगरा, अकौना साठिया, विकासखण्ड उचेहरा के ग्राम पंचायत पोडी, धनेह, पिथौराबाद में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके बाद मैहर जिले के विकासखण्ड अमरपाटन के ग्राम पंचायत पगरा, झिरिया कोपरीहान, ककलपुर, विकासखण्ड मैहर के ग्राम पंचायत इटमा, लुढौती, हिनौताकलां तथा विकासखण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत नादो, सुलखमा, कुदरीकलां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 42 जनप्रतिनिधि एवं 2342 कृषक उपस्थित रहें। कृषकों से मृदा उपचार, बीज उपचार, उन्नत किस्मों, उद्यानिकी की उन्नत किस्में, मिट्टी परीक्षण, उन्नत कृषि तकनीकी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, नैनो यूरिया, संतुलित खाद का उपयोग पर चर्चा की गयी तथा किसानों की समस्याओं और उनके निराकरण से संबंधित जानकारी दी गई।

# 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति का वितरण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश के विद्यालयों में कक्षा-1 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वर्तमान में 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था है। राज्य में समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2013-14 से लागू की गयी है। इसके क्रियान्वयन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग निर्धारित किया गया है।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षा और स्कूलवार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल में एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल, जिसमें जाति, माता-पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम आदि जानकारियाँ, जो कि छात्रवृत्ति गणना करने के लिये आवश्यक होते हैं, उन्हें ऑनलाइन किया जाता है। इसके आधार पर सिस्टम द्वारा छात्रवृत्ति की गणना कर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है।

वर्ष 2022-23 से अनुसूचित जाति-जनजाति केन्द्र प्रवर्तित और राज्य प्री एवं पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एमपीटास पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इस वर्ष विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण के लिये कैलेण्डर तैयार किया है। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारियों को भी निर्देश जारी किये गये हैं। छात्रवृत्ति के संबंध में जिला शिक्षा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# नमो ड्रोन दीदी ने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव का किया प्रदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड सिहावल के ग्राम पंचायत घोघरा में किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती और नवीनतम तकनीकों के माध्यम से सब्जी उत्पादन के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम के दौरान कृषकों को बर्मी बैग के उपयोग द्वारा सब्जी उत्पादन, व्यावसायिक सब्जी उत्पादन हेतु मल्टी-लेयर क्रॉपिंग प्रणाली, तथा प्राकृतिक खेती के लाभ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इन तकनीकों के माध्यम से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही नमो ड्रोन दीदी श्रीमती मनीषा कुशवाहा, जिन्होंने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव की विधि का प्रदर्शन किया। उन्होंने उपस्थित किसानों को ड्रोन संचालन, उसकी उपयोगिता, लागत-कटौती और समय की बचत जैसे पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। यह तकनीक कृषि क्षेत्र में एक प्रभावी नवाचार के रूप में उभर रही है।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घोघरा सहित आसपास के अनेकों कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों को समझने एवं अपनाने का संकल्प लिया।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों में 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में आगामी 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में नियमित रूप से आने वाले 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए होगा।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की उपस्थिति इस अवधि में अनिवार्य रहेगी।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह अवधि आंगनवाड़ी केन्द्रों के रख-रखाव, दस्तावेज संधारण, वार्षिक सर्वेक्षण तथा पोषण संबंधित गतिविधियों के लिए निर्धारित की गई है। इस दौरान केन्द्रों में बच्चों के लिए नाश्ता एवं गर्म पका भोजन के स्थान पर रेडी टू ईट (आरटीई) भोज्य पदार्थ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा वितरित किया जाएगा।

केन्द्रों की साफसफाई और मरम्मतरू भवन की सफाई, खेल सामग्री की व्यवस्था, रसोई व शौचालय की मरम्मत तथा पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त रिकॉर्ड संधारण का कार्य किया जाएगा। सम्पूर्ण उपकरणों एवं फर्नीचर का स्टॉक पंजीकरण, टेक होम राशन वितरण का विवरण, संपर्क एप्लिकेशन में डाटा अपलोडिंग की जायेगी। इस अवधि में वार्षिक सर्वेक्षण (एएएसआर) भी किया जाएगा। एक से 10 जून तक परिवार सर्वेक्षण एवं हितग्राही पहचान की जाएगी, जबकि 10 से 15 जून के मध्य अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाएगी।

पोषण वाटिका की तैयारीरू बाउंड्रीवॉल युक्त केन्द्रों और कुपोषित बच्चों के घरों में पोषण वाटिका हेतु क्यारियाँ तैयार की जाएंगी। बीज व पौधों की व्यवस्था हेतु पंचायत से समन्वय किया जाएगा। स्वास्थ्य और पोषण परामर्श टीकाकरण, सी-माम कार्यक्रम की निगरानी, पोषण परामर्श और गृह भेंट के माध्यम से कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं तक सेवाएँ पहुंचाई जाएंगी।

बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकगण इस अवधि में दूरस्थ व सहयोग की आवश्यकता वाले केन्द्रों पर विशेष ध्यान देते हुए निरंतर निगरानी करेंगे। 16 जून 2025 को पुनः केन्द्रों में बच्चों एवं महिलाओं के स्वागत के साथ नियमित गतिविधियाँ प्रारंभ होंगी।

# अमर शहीद हेमू कालाणी के नाम हो एयरपोर्ट



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना एयरपोर्ट के वर्चुअल उद्घाटन समारोह के अवसर पर केंद्रीय विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल जी एवं सांसद श्री गणेश सिंह जी महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी को समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति के संरक्षण/पार्षद श्री गोपी गेलानी पार्षद मनीष टेकवानी ने ज्ञापन सौंप कर एयरपोर्ट का नाम क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालानी रखने की मांग की।

ज्ञात हो 25 मार्च 2022 को सांसद श्री गणेश सिंह जी सतना तत्कालीन कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा जी से सौजन्य भेंट कर उक्त मांग की गई थी जिसकी प्रति माननीय प्रधानमंत्री गृहमंत्री केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया म,प्र,मुख्यमंत्री,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतना विधायक जी को प्रेषित की गई थी।

संस्था की महामंत्री घनश्याम मँघरानी ने बताया अमर शहीद हेमू कालाणी जी ने भारत देश को आजाद करने में 19 वर्ष की अल्प आयु में हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए ऐसे सच्चे देशभक्तों के कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं मां भारती के ऐसे वीर बलिदानी सपूतों के नाम एयरपोर्ट का नामकरण शहीद हेमू कालाणी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।18 अक्टूबर 1983 में भारत सरकार तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने विश्व सिंधी सम्मेलन के अवसर पर क्रांतिकारी हेमू कालानी जी की याद में डाक टिकट जारी किया था। संसद भवन परिसर दिल्ली एवं हरिद्वार स्थित भारत माता मंदिर में भी हेमू कालाणी की प्रतिमा स्थापित की गई।

इस अवसर पर संरक्षक श्री गोपी गेलानी अध्यक्ष विनोद गेलानी पार्षद मनीष टेकवानी महामंत्री घनश्याम मंघरानी मंत्री संजय वाधवानी प्रचार मंत्री रंजीत सेनानी मनीष सदानी कमल पुरस्वानी एवं समाजसेवी संजय आहूजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रा सम्मान समारोह 15 जून को होगा आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सामाजिक संस्था यूथ हैल्पिंग हैंड्स की विशेष बैठक 30 मई शुक्रवार को रीवा रोड स्थित ओम प्लाजा में संस्थापक रूपेश वलेचा की अध्यक्षता सम्पन्न हुई।बैठक की शुरुवात महिला मंडल द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

बैठक की जानकारी देते हुए डॉक्टर मनीष सोई ने बताया आगामी 15 जून रविवार को मेधावी छात्रा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय सर्व समिति से लिया गया ।जिसमें क्लास 9 से 12 तक जिन बच्चियों के 85% या उस से अधिक % लाये है उनका सम्मान किया जाएगा यह सम्मान समारोह अमृत वाटिका [आयुष्मान हॉस्पिटल के पास] में शाम 4 से आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोर-जोर से प्रारंभ की गई।

डोली भांबरी ने आगे बताया इस सम्मान समारोह में सतना एवं मैहर जिले की हर वर्ग की बेटियां शामिल हो सकती हैं अभी तक 200 बच्चियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका हे जो बेटियां शामिल होना चाहती हैं वाट्सअप नंबर 7974252890 में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं कार्यक्रम के दौरान छात्रा सम्मान के साथ-साथ बच्चियों की करियर काउंसलिंग करवाई जाएगी जिससे उन्हें आगे भविष्य के लिए सहयोग प्राप्त हो सके।

बैठक का सफल संचालन श्रीमती ज्योति मनवानी जी ने किया एवं आभार अमन जयसवाल ने व्यक्त किया। बैठक में संस्था के संस्थापक रूपेश वलेचा डॉ मनीषा सोई, डॉक्टर लक्ष्मी मोहनानी, डोली बमरी, डॉ एकता वाधवानी,डॉ आकृति गुप्ता, माधुरी शर्मा,सुहानी वलेचा,अक्षरा दासानी, ज्योति मनवानी,एकता सेनानी,स्वाति तिवारी श्रद्धा भीमनानी ,मनीष असरानी,सोमेश आहूजा,अमित भवनानी,योगेश दासानी,अमित शर्मा, हिमांशु श्रीवास्तव,संजय खिलवानी, गुलाबराय नागदेव, सोनू नागदेव और राजेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे

# हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा-2025 के आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना 01 जून 2025/माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी।

सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

# आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ इंडो न्यूक्लियर एथेनॉल प्लांट का घेराव



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्लांट प्रबंधन के खिलाफ ग्रामीणों का हल्ला बोल,मांग पूरी न होने पर 15 दिवस उपरांत आमरण अनशन की चेतावनी। मझगवां ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलहा के उमरिहा हल्का में स्थापित इंडो न्यूक्लियर एनर्जी एथेनॉल प्लांट की मनमानी और पर्यावरणीय प्रदूषण के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है।कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्लांट का घेराव कर, प्रबंधन के खिलाफ 5 सूत्रीय ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम मझगवां तहसीलदार को सौंपा और चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों में मांगें पूरी न हुईं, तो फैक्ट्री गेट पर आमरण अनशन शुरू होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट की लापरवाही ने उनकी जिंदगी को नरक बना दिया है ।

# जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक 3 को मैहर और 5 जून को सतना में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर जिले में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

# नायक अरुणेंद्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारतीय सेना की 9 राजपूत रेजिमेंट में 22 वर्षों तक राष्ट्रसेवा करने वाले नायक अरुणेंद्र प्रताप सिंह, निवासी ग्राम पतेरी, सिवनगर, सतना (म.प्र.), ने 31 मई 2025 को अपनी सम्मानजनक सेवा पूरी कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। वे स्वर्गीय श्री महेश प्रताप सिंह (पूर्व म.प्र. पुलिस) के सुपुत्र हैं। उनके समर्पण, अनुशासन और अद्वितीय नेतृत्व की मिसाल सेना के विभिन्न फील्ड यूनिट्स में देखी गई, जहां उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्ण संतुष्टि प्रदान की और अधीनस्थ सैनिकों का कुशल मार्गदर्शन किया।

आज सुबह 10 बजे जब वे सतना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, तो वहाँ का दृश्य अद्वितीय गौरव का प्रतीक बन चुका था। स्टेशन को राष्ट्रध्वजों, फूल-मालाओं, बैंड-बाजों और देशभक्ति की भावना से सजाया गया था। उनका स्वागत करने के लिए परिवार, ग्रामवासी, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि, और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उनके छोटे भाई श्री तारणेन्द्र प्रताप सिंह (वर्तमान में सिग्नल रेजिमेंट में सेवारत), उनकी पत्नी, माता, बच्चे, भाई-बहन, ग्राम पंचायत कोंडार के प्रतिनिधि श्री प्रकाश सिंह परिहार, कोंडार परिवार, और लगभग 50 से अधिक परिजन स्टेशन पहुँचे।

इस गरिमामय अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन सतना (म.प्र.) के अध्यक्ष श्री सुनील सिंह कोंडर के नेतृत्व में संगठन के संरक्षक श्री सुरेश सिंह परिहार (जाखी), श्री पुष्पराज सिंह, श्री पी.डी. सिंह, संगठन के पदाधिकारी श्री पवन सिंह (वित्तीय अध्यक्ष), श्री लोकेन्द्र सिंह (सह-वित्तीय अध्यक्ष), श्री अशोक सिंह (आयोजन समिति अध्यक्ष), मीडिया प्रभारी श्री राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, उचेहरा यूनिट अध्यक्ष श्री उदयभान सिंह, विशेष वेशभूषा में श्री संजय सिंह बघेल, 90 वर्षीय पूर्व सैनिक श्री देवेंद्र सिंह परिहार, सहित अनेक सम्माननीय सदस्य उपस्थित रहे।

नायक अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने अपने सेवाकाल के दौरान ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में भी भाग लिया और साहस का परिचय दिया।यह आयोजन मात्र स्वागत नहीं, बल्कि एक वीर सपूत के समर्पण, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन था। ऐसे सैनिक हमारे समाज और देश के असली नायक हैं, जिनके बलिदान और सेवा से राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इस भावनात्मक क्षण ने सतना को गौरव से भर दिया।

# विद्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के रूप में चलेगा अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विद्यालयों में 5 जून से ईको क्लब के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौध रोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के नाम से चलाने का फैसला किया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं।

प्रत्येक जिले में अभियान के दौरान एक लाख पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में विद्यार्थियों की भागीदारी से 30 सितम्बर तक 50 लाख पौधे रोपे जायेंगे।व्यापक स्तर पर पौध रोपण का उद्देश्य बच्चों और युवा पीढ़ी को सतत् विकास के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदार बनाना है। यह अभियान मातृत्व की भावना का सम्मान करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना भी है। पौध रोपण में स्थानीय और क्षेत्रीय प्रजातियों के पौधे लगाने को प्राथमिकता दी जायेगी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में विधायक हुये शामिल

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान में चौथे दिन जिले में गठित पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड के खैरा, गोरदाह, अमिलहा दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड के पहाड़ी, सोनवर्षा, कड़ियार तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड के कोतमा, जूरी, रौहाल में अभियान का संचालन किया गया। विकासखंड कुसमी के कोतमा में विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम ने अभियान के तहत आयोजित कृषक संगोष्ठी में भाग लिया, जहां उन्होंने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कृषकों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ लेने तथा कृषि को लाभ का धंधा बनाने की अपील की है।



शिविरों में जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतरू एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है।

इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उन्होंने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा।

किसान भाई नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं।

सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपए में तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल 600 रुपए में मिल रही है। इसकी कीमत एक बोरी खाद से लगभग आधी है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग किसानों के लिए अधिक लाभकारी है।

# विचार

## दुग्धशाला की शक्ति का परिचायक है आत्मनिर्भरता

दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन ए, विटामिन डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के वसा रहित दूध ( स्किम्ड मिल्क ) में कोलेस्ट्रॉल 2-5 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। पूर्ण वसा ( फुल क्रीम ) वाले दूध में कोलेस्ट्रॉल 10-15 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। आंकड़ों के अनुसार एक स्वस्थ्य व्यक्ति 300 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल प्रतिदिन ले सकता है। अतएव दूध पीने से हृदयघात होने की संभावना नगण्य होती है। दूध में मुख्यत: केसिन और व्हेय नामक दो प्रोटीन पाए जाते हैं। दूध में प्रोटीन का 80 प्रतिशत हिस्सा केसिन के रूप में होता है और बाकी 20 प्रतिशत हिस्सा व्हे का होता है। दूध में व्याप्त केसिन प्रोटीन, कैल्शियम और फॉस्फेट के साथ मिलकर छोटे छोटे कण बनाते हैं जिन्हें मिसेल्स कहा जाता है। जब प्रकाश इन मिसेल्स से टकराता है तो यह प्रकाश अपरिवर्तित होकर फ़ैल जाता है। दूध में पाए जाने वाला वसा के कण ( फैट ग्लोबुल्स ) भी प्रकाश के प्रकीर्णन का कारण बनते हैं। अतएव दूध का रंग सफ़ेद दिखाई देता है। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस दूध में जितना ज्यादा वसा ( फैट ) होगा उसका रंग उतना ही सफ़ेद दिखाई देगा। गाय के दूध में भैंस के दूध की अपेक्षा वसा ( फैट ) कम होता है और केसिन नामक प्रोटीन भी कम होता है। इसलिए गाय का दूध हल्का पीला दिखाई देता है। दूध में कैरोटीन और कैसिन नामक दो वर्णक ( पिगमेंट ) होते हैं जो उसके रंग को प्रभावित करते हैं। अतएव कैरोटीन की वजह से गाय के दूध में हल्का पीला रंग होता है, जबकि कैसिन की वजह से दूध का रंग सफेद होता है। भैंस के दूध में केरोटीन कम होता है और फैट ज्यादा। जबकि गाय के दूध में केरोटीन ज्यादा और फैट अपेक्षाकृत कम होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध एक अपारदर्शी, सफेद तरल उत्पाद है।

डेयरी शब्द को दुग्ध उद्योग से जोड़ कर देख सकते हैं। दूध को विभिन्न डेरी उत्पादों में परिवर्तन के लिए प्रसंस्करण किया जाता है। दूध के विभिन्न उप उत्पाद भी होते हैं जिन्हे तकनीकी भाषा में मिल्क बाई प्रोडक्ट ( दूध के उप उत्पाद ) भी कहा जाता है। डेयरी उत्पाद में दूध प्राथमिक घटक के रूप में प्रयोग होता है। जैसे की दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम। डेयरी उप उत्पादों में व्हेय, छाछ, स्किम मिल्क, घी के अवशेष ( घी रेज़िड्यू ) आदि आते हैं। दूधऔर डेयरी ( दुग्धशाला ) का सम्बन्ध बगिया और माली जैसा है। जिस प्रकार एक माली अपनी बगिया को सींचता और सम्हालता है। उसी प्रकार एक माली रूपी डेयरी ( दुग्धशाला ), बगियारूपी दूध को सम्हालता और संरक्षित करता है। डेयरी ( दुग्धशालाएँ ) दूध की सुंदरता और उनकी दिव्यता का द्योतक है। दूध का रखरखाव और उसको ताजा बनाए रखने की जिम्मेदारी डेयरी ( दुग्धशाला ) की होती है। जिसको तकनीकी भाषा में शेल्फ लाइफ ऑफ़ मिल्क कहा जाता है। अर्थात दूध की पोषकता को लम्बे समय तक बनाए रखना। पोषकता का सम्बन्ध शुद्धता से होना चाहिए। शुद्ध दूध ही एक स्वस्थ्य शरीर का परिचायक है। डेयरी उद्योगों ( दुग्धशालाओं ) के लिए शुद्धता ही प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकांश डेयरी उद्योग ( दुग्धशालाएं ) शुद्धता का ख्याल रखते हैं और शुद्ध दूध को ही जन जन तक पहुँचाते हैं।

# रक्षा में आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदमों से बढ़ती सैन्य-ताकत

**ऑपरेशन सिंदूर की शानदार कामयाबी, पाकिस्तान को करारी चोट पहुंचाने, विश्व को भारत की सैन्य ताकत दिखाने और अपने सैनिकों के अद्भुत पराक्रम के प्रदर्शन की गौरवपूर्ण स्थितियों के बीच एक बड़ी खुशखबरी है कि भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए) के प्रोडशन मॉडल को मंजूरी देते हुए इस परियोजना पर आगे बढ़ने को हरी झंडी दिखा दी है। निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है।**



दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है। निश्चित ही पांचवीं पीढ़ी के उन्नत लड़ाकू विमानों का देश में ही निर्माण करने और उसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लेने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा एक ऐसा फैसला है, जो दूरगामी एवं देशहित का सराहनीय कदम है। ऐसे फैसलों में बिना विलम्ब के प्रोत्साहन एवं सहयोग होना चाहिए। हमें निश्चित करना चाहिए कि आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसे फैसलों से भारत की ताकत बढ़ती है, दुनिया की अधीनता कमतर होती है। गौरतलब है, अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। इस योजना के जरिये दुनिया को यह संदेश देना है कि भारत अब पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने की बजाय खुद बनाने का काम करेगा।

इस स्वदेशी विमान के डिजाइन और विकास के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी। अब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगी और डीआरडीओ के मुखिया की मानें, तो अगले एक दशक में यह लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े का हिस्सा होगा। निस्संदेह, हमारे रक्षा वैज्ञानिकों की सराहना की जानी चाहिए कि उनके अथक परिश्रम, तकनीकी कौशल और मेधा के कारण देश जल्द ही सुरक्षा साजो-सामान के मामले में भी आत्म-निर्भर बन जाएगा। इन स्थितियों के लिये जहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सराहना होनी चाहिए वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मानना चाहिए।

मौजूदा समय में भारत लड़ाकू विमान के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर है। सरकार ने इस दिशा में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस फैसले से घरेलू एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। एएमसीए का विकास भारतीय वायु सेना की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने और देश की रक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। पडोसी देशों की हरकतों, युद्ध की संभावनाओं एवं षडयंत्रों को देखते हुए आने वाले समय में होने वाले युद्ध में वायुसेना की क्षमता और तकनीक को अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा है। भारत हमेशा से एक शांतिकामी मुल्क रहा है, मगर अपनी सरहदों व विशाल आबादी की सुरक्षा के लिए वह दूसरे देशों के हथियारों या सुरक्षा उपकरणों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकता। विदेशी लड़ाकू विमानों या हथियारों की खरीद में उनके तकनीकी हस्तांतरण को लेकर कई तरह की पेचीदगियां पेश आती हैं। कई देश उन्नत रक्षा उपकरण तो दे देते हैं, लेकिन उनकी तकनीक नहीं देते या फिर उनके कलपुर्जे देने में देरी करते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान बनाने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि अमेरिका उनके लिए इंजन देने में आनाकानी कर रहा है। इसलिए एचएएल, डीआरडीओ की स्थापना की जरूरत मससूस की गई थी और आज इनके बनाए हथियार न सिर्फ हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि इस वजह से हमारा 20 फीसदी से भी अधिक सैन्य आयात कम हुआ है। आज हम अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुनिया को बेचने की स्थिति में हैं।

मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है। आज जब युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं, तब भारत को हर तरह की रक्षा सामग्री स्वदेश में ही बनाने में इसलिए सक्षम होना होगा, क्योंकि ऐसा करके ही वह सच्चे अर्थों में महाशक्ति बन सकता है। प्रारंभ में विदेशी कंपनियों का सहयोग लेने में हर्ज नहीं, क्योंकि ऐसा करके ही तेजी के साथ उन्नत रक्षा समाग्री का निर्माण किया जा सकता है। भारत आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक का निर्माण करने में सक्षम है, इसे आपरेशन सिंदूर ने साबित भी कर दिया। हमारे रक्षा उपकरणों और तकनीक ने जिस तरह तुर्किये के ड्रोन की हवा निकालने के साथ चीनी एयर डिफेंस की पोल खोल दी, उसे विश्व भर के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं। रूस के सहयोग से बनी ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी तकनीक पर आधारित आकाश ने सिद्ध किया कि हमारे रक्षा विज्ञानी किसी से कम नहीं। उन्हें भरपूर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारत की रक्षा सेना दुनिया में सबसे शक्तिशाली और सम्मानित सेनाओं में से एक है, जो अपने आकार, ताकत और उन्नत तकनीक के साथ वैश्विक मंच पर धूम मचा रही है। चाहे सीमाओं पर गश्त करना हो, आसमान की सुरक्षा करनी हो या विशाल हिंद महासागर को सुरक्षित रखना हो, भारत की सेना एक ऐसी ताकत है जिसका लोहा माना जाना चाहिए। भारत का लक्ष्य सिर्फ़ वैश्विक सैन्य शक्तियों के साथ बने रहनाभर नहीं है- यह उनके साथ है बल्कि अब उससे आगे भी आना है। किसी भी युद्ध या संघर्ष में वायु सेना की भूमिका निर्णायक हो चली है। हमास-इजरायल जंग हो या रूस-यूक्रेन लड़ाई, इस तथ्य को पूरी दुनिया स्वीकारती है।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारी वायु सेना ने भी दिखा दिया है कि किस सटीकता से शत्रुओं के लक्ष्य को मटियामेट करने में वह सक्षम है। ऐसे में भारतीय वायु सेना की जरूरतों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान में, भारत दुनिया में चौथे स्थान पर है, जो केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन से पीछे है। यह स्थान इसके उन्नत विमान, बेहतर प्रशिक्षण और रणनीतिक महत्व के संयोजन के कारण अर्जित किया गया है। बहुमुखी राफेल जेट से लेकर शक्तिशाली सुखोई अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए सुसज्जित है। निश्चित ही भारत ने एक ऐसा सैन्य बल बनाया है जो ध्यान आकर्षित करता है, जिसमें विशाल जनशक्ति, अत्याधुनिक तकनीक और गहन रणनीतिक फोकस का संतुलन है। यह अब सिर्फ़ एक क्षेत्रीय खिलाड़ी नहीं है; भारत खुद को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। भारतीय वायुसेना के पायलट दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पायलटों में से हैं, जो न केवल हार्डवेयर बल्कि मानवीय तत्व के कारण हवाई प्रभुत्व बनाते हैं।

# एमएसपी घोषणा सकारात्मक पहल तो चाकचोबंद खरीद व्यवस्था भी जरुरी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा खरीफ की बुवाई से पहले ही करने को किसानों के हित में सकारात्मक पहल के रुप में देखा जाना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा एक तो समय पूर्व समर्थन मूल्यों की घोषणा की जा रही है वहीं दूसरी और भविष्य की रणनीति के तहत आवश्यकतानुसार उत्पादन बढाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाये जा रहे हैं। सरकार द्वारा श्री अन्न को जहां अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सफल प्रयास किया गया है वहीं देश को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है तो तिलहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आगामी खरीफ के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्यों में रामतिल के भावों में सर्वाधिक 820 रु. की बढ़ोतरी करते हुए 9537 रु. प्रति क्विंटल एूमएसपी घोषित की गई है। इसी तरह से तिल की एमएसपी में 579 रु., सोयाबीन में 436 रु., सूरजमुखी में 441 रु. और मूंगफली की एमएसपी में 480 रु. की बढ़ोतरी की गई है। ठीक इसी तरह से उड़द में 400 रु. तो मूंग की एमएसपी में 86 रु. और अरहर की एमएसपी में 450 रु. की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से बाजरा, रागी, ज्वार, कपास, धान आदि अन्य खरीफ फसलों की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी की गई है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जहां तक एमएसपी दरों की घोषणा की बात है सरकार की ईच्छा शक्ति पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता है।



मोदी सरकार के 2013-14 से 2025-26 तक के कार्यकाल की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी निश्चित रुप से सकारात्मक दिषा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। 2013-14 की तुलना में 226 प्रतिशत की बढ़ोतरी रागी के समर्थन मूल्य में की गई है। बाजरा में 122 प्रतिशत तो ज्वार की एमएसपी में 147 प्रतिशत तक की बढोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन की खरीफ फसलों में भी 82 प्रतिशत से रामतिल में 172 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। सरकार का यह भी दावा है कि एमएसपी घोषणा करने से पहले सरकार ने फसलों की लागत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा है और लागत से कहीं अधिक एमएसपी दर जारी की गई है।

किसान आंदोलनों के दौरान सबसे अहम् मुद्दा एमएसपी को लेकर ही रहता आया है। सरकार एक और एमएसपी दरों में बढ़ोतरी और एमएसपी पर खरीद का दावा कर रही है और यह दावा एक हद तक सही भी है पर दूसरी और किसान नेताओं का यह कहना रहा है कि सरकार एमएसपी दरों की घोषणा के साथ ही एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। केन्द्र सरकार की और से एफसीआई और नेफैड एमएसपी खरीद के लिए नोडल संस्था है तो कपास की खरीद सीसीआई द्वारा की जाती है। राज्यों में एफसीआई व नेफैड के लिए खरीद सुविधा में राज्यों की सहकारी विपणन संस्थाएं प्रमुखता से सहभागी रहती है। खरीद की व्यवस्था को भी पारदर्शी और ऑनलाईन कर दिया गया है और रजिस्ट्रेशन से लेकर सीधे खातों में भुगतान तक की व्यवस्था ऑनलाईन की गई है। पर कहीं ना कही व्यवस्था में झोल अवश्य है। इसको यों समझा जा सकता है कि एक समय था तब सरकारी खरीद शुरु होने की घोषणा और लगभग 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन की खरीद होते होते मण्डियों में भाव एमएसपी के आसपास आ जाते थे। इसका परिणाम यह होता था कि ना तो किसानों की नाराजगी रहती थी और ना ही अन्य कोई समस्या आती थी। पर आज खरीद व्यवस्था के पारदर्शी होने के बावजूद किसान अपने आप को ठगा महसूस करता है।

इसका एक बड़ा कारण तो यह है कि बाजरा आदि की खरीद तो सरकार द्वारा किसी ना किसी बहानें टाली ही जाती है क्योंकि बाजरे की खरीद के बाद रखरखाव को लेकर संकट रहता है और सरकार का मानना है कि उसे नुकसान अधिक होता है क्योंकि खरीदा हुआ बाजरा जल्दी खराब हो जाता है। वहीं दूसरी और व्यवस्था को लाख पारदर्शी और जबावदेह बनाने के बावजूद बिचौलियें इस व्यवस्था का भरपूर लाभ उठाते देखे जा रहे हैं। कहीं कहीं तो खरीद केन्द्रों पर जितनी मात्रा में खरीद हो रही है वह उस क्षेत्र में उत्पादित पैदावार से भी अधिक हो जाती है। इसके साथ ही किसानों की तात्कालीक आवश्यकताओं के चलते आड़तियों पर निर्भरता के कारण भी किसान का लाभ आड़तियां ले जाता है। हांलाकि यह व्यवस्था का ही दोष माना जा सकता है। होना तो यह चाहिए कि जिन फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा सरकार द्वारा की जाती है उन फसलों के तैयार होकर मण्डियों में आने से पहले ही सरकार को खरीद की आवश्यक तैयारियां पूरी कर लेनी चाहिए। खरीद के लिए खरीद केन्द्र की स्थापना, तुलाई ढुलाई की व्यवस्था, बारदाना, ट्रांसपोर्टेशन, भण्डारण, भुगतान की आवश्यक व्यवस्था, बैंकों से भुगतान आदि की व्यवस्था, खरीद केन्द्रों पर पीने के लिए पानी आदि की व्यवस्था सहित आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित हो जानी चाहिए। इसके साथ ही आज सरकार के पास उत्पादन के सारे डेटा उपलब्ध होते हैं ऐसे में संभावित खरीद का आकलन भी सुनिश्चित हो जाना चाहिए। सरकार द्वारा पूर्व में ही यह घोषणा कि इतनी मात्रा में ही खरीद की जाएगी तो इससे राजनीति के अधिक अवसर उत्पन्न हो जाते हैं और अनावश्यक भ्रम के हालात बन जाते हैं। ऐसे हालात से बचा जाना जरुरी हो जाता है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार को खरीफ श्री अन्न खासतौर से बाजरा आदि की खरीद की भी स्पष्ट नीति बनानी होगी अन्यथा श्री अन्न खासतौर से बाजरा को हम अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म दिला रहे हैं वह जल्दी ही प्रभावित हो सकती है। सरकार को कोई ना कोई ऐसी स्पष्ट रणनीति बनानी होगी जिससे बाजरा उत्पादक किसान एमएसपी दर घोषित होने के बावजूद अपने आपकों ठगा महसूस ना कर सके। इसके लिए बाजार ताकतों को भी सक्रिय करना होगा ताकि बाजार में श्रीअन्न बाजरा आदि की मांग बढ़े और सरकारी खरीद ना होने की स्थिति में भी एमएसपी दर तो कम से कम उत्पादक किसान को बाजार में मिल सके। इसके लिए सरकार को इच्छाशक्ति के साथ आगे आना होगा। अब श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने का हमारा दायित्व भी हो जाता है ऐसे में इस और अधिक गंभीरता से ध्यान देना होगा क्योंकि अभी तो बुवाई से फसल पकने तक का तीन से चार माह का समय सरकार के पास होगा।

## मनेंद्रगढ़ में 4 साल से बंदबायो डायवर्सिटी पार्क

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ वन मंडल में अमृतधारा जलप्रपात के पास 2 करोड़ रुपए की लागत से बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण किया था। यह पार्क वन परिक्षेत्र बिहारपुर के अंतर्गत 300 एकड़ में फैला है। पार्क में 2 वाच टावर और एक हॉल बनाया गया है। लेकिन 4 साल बीत जाने के बाद भी यह पर्यटकों के लिए बंद पड़ा है।

पार्क के मुख्य द्वार पर न तो कोई जागरूकता बोर्ड लगा है और न ही सुरक्षा की कोई व्यवस्था की गई है। अमृतधारा जलप्रपात रोजाना सैकड़ों पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां दूर-दराज और अन्य राज्यों से लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आते हैं। बायोडायवर्सिटी पार्क का निर्माण पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाने के उद्देश्य से किया गया था। हालांकि, निर्माण के 4 वर्ष बाद भी पार्क का ताला नहीं खुला है। इससे न केवल करोड़ों रुपए का सरकारी निवेश बेकार पड़ा है, बल्कि पर्यटक भी इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

# छापों के खिलाफ नगर बंद का व्यापक असर, सरगुजा में सुबह से बंद रही दुकानें






**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** अंबिकापुर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जीएसटी छापे के खिलाफ रविवार को व्यापारी संघों ने नगर बंद रखकर रैली निकाली। जिसका व्यापक असर दिखा। सुबह से ही दुकानें बंद रहीं। कलेक्टोरेट चौकी पर व्यापारी संघों ने लगातार जीएसटी छापे और अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस ने भी बंद को समर्थन दिया है। दोपहर बाद भी शहर की दुकानें बंद हैं।

दरअसल, सरगुजा में लगातार व्यापारियों पर जीएसटी के छापों के खिलाफ शनिवार को व्यापारी संगठनों ने मोर्चा खोला। अंबिकापुर के रिंगरोड, बिलासपुर चौक पर लक्ष्मी ट्रेडर्स में शुक्रवार से चल रहे जीएसटी छापे का विरोध करते हुए व्यापारियों ने नारेबाजी की। अग्रसेन भवन में मीटिंग के बाद व्यापारियों ने रैली निकालकर रविवार को नगर बंद रखा।

व्यापारी संघों की रैली नगर के मुख्यमार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट चौक पहुंची। यहां व्यापारी संगठनों ने तहसीलदार उमेश बाज को मुख्यमंत्री के नाम आवेदन दिया। ज्ञापन में व्यापारी संगठनों ने जीएसटी छापे के नाम पर व्यापारियों से अवैध उगाही का आरोप लगाया है।व्यापारी संगठनों ने आरोप लगाया है कि, जीएसटी चोरी का आरोप लगाकर फाइन का डर दिखाकर लाखों रुपए की अवैध उगाही की जा रही है।

कुछ व्यापारियों को टारगेट कर कार्रवाई की जा रही है। व्यापारी संगठनों ने व्यापारियों को जबरिया परेशान न करने और अवैध उगाही पर रोक लगाने की मांग की है। व्यापारी संगठनों के बंद का रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन भी व्यापक असर दिखा। कांग्रेस ने व्यापारी संगठनों के बंद को अपना समर्थन दिया है। व्यापारी संगठनों के आह्वान पर सभी दुकानें सुबह से ही बंद रहीं। दोपहर बाद तक दुकानें नहीं खुलीं।

**स्टेट जीएसटी ने कहा- लाखों की टैक्स चोरी**

सरगुजा में एक महीने में दर्जनों की संख्या में कार्रवाई स्टेट जीएसटी की टीम ने की है, लेकिन शनिवार को विवाद के बाद स्टेट जीएसटी टीम ने विज्ञप्ति जारी की है। इसमें बताया गया है कि लक्ष्मी टेंडर्स में 30 मई और 31 मई को मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स, अंबिकापुर में जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग 96 करोड़ से अधिक है लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान नगण्य किया गया है। साल 2023-24 में माल की खरीदी 11 करोड़ की गई, लेकिन माल की सप्लाई मात्र 7 करोड़ की ही की गई है। व्यवसायी ने अपनी गलती/ त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से 17.55 लाख टैक्स भुगतान कर दिया है। उस व्यवसायी पर स्टेट जीएसटी विभाग ने पहले कोई कार्रवाई नहीं की।

**बंसल ट्रेडिंग में लाखों की टैक्स चोरी**

स्टेट जीएसटी टीम ने मेसर्स बंसल ट्रेडिंग कार्पोरेशन, अंबिकापुर में 29 मई को जांच की कार्रवाई की गई है। साल 2017-18 से साल 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग 158 करोड़ से अधिक है। लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान शून्य किया गया है। व्यवसायी ने अपनी गलती मानते हुए स्वैच्छिक रूप से 40 लाख कर भुगतान करने की मंशा जाहिर की। लेकिन जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने व्यवसायी से लेखा पुस्तक और अन्य दस्तावेज पेश करने की मांग की है।

# कांग्रेस पर स्वास्थ्य मंत्री का पलटवार, मनेंद्रगढ़ में विकास कार्य जारी





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मनेंद्रगढ़ में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। जिला अस्पताल का निर्माण चल रहा है। गोंडवाना मरीन फासिल्स पार्क भी बन रहा है। मंत्री ने कहा कि एक तरफ स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। दूसरी ओर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। समुद्री जीवाश्म के अवशेषों को पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। शोधार्थियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। जायसवाल ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल को विकास कार्य नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस अपने पिछले कार्यकाल में भ्रष्टाचार में लिप्त थी। अब विष्णु देव साय की सरकार में हो रहे विकास कार्यों में रोड़े अटका रही है। मंत्री ने चिरमिरी के पूर्व महापौर डमरु रेड्डी और कांग्रेस पार्टी एमसीबी के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के बयानों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में नेतृत्व का अभाव है और पदों को लेकर आपसी कलह चल रही है। स्वास्थ्य मंत्री को सोन हनी और कोरिया मोदक लड्डू भेंट किया गया

**कोरिया जिले में जैविक शहद उत्पादन को मिली पहचान**

वहीं,कोरिया जिले में जैविक शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को 'सोन हनी' शहद की बोतल भेंट की। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए कोरिया मोदक लड्डू और कोरिया आचार भी प्रदान किए। कलेक्टर त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय किसान कृषि विज्ञान केंद्र, बैकुंठपुर के तकनीकी मार्गदर्शन में यह शहद तैयार कर रहे हैं। जिले का वातावरण जैविक शहद उत्पादन के लिए उपयुक्त है। किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे उन्हें आय का एक नया स्रोत मिल रहा है।

**मधुमक्खी पालन से ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार**

मधुमक्खी पालन से ग्रामीणों को रोजगार के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक जैविक उत्पाद भी मिल रहे हैं। स्व-सहायता समूह की महिलाएं गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक कोरिया मोदक लड्डू बना रही हैं। इन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों और पोषण संगवारी के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। इससे गर्भस्थ शिशु को पर्याप्त प्रोटीन और आयरन मिल सके। साथ ही जन्म के समय बच्चे का वजन दो से ढाई किलो सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह को भी सोनहनी शहद, कोरिया मोदक लड्डू और कोरिया आचार भेंट किए गए।

## मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने क्रिकेट मैदान में खुद बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में एक ओर भरतपुर-सोनहत की विधायक रेणुका सिंह एक मासूम बच्ची की फोन कॉल पर उसके जन्मदिन समारोह में शामिल हुईं, तो दूसरी ओर मनेंद्रगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने क्रिकेट मैदान में खुद बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मनेंद्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब द्वारा आयोजित फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट मनेंद्रगढ़ कप 2025 का समापन हुआ। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बल्लेबाजी की। वार्ड क्रमांक 1 और 4 के बीच फाइनल मैच में मंत्री जायसवाल की बल्लेबाजी के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव ने विकेटकीपर की भूमिका निभाई। भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले ने भी बल्लेबाजी की। मंत्री जायसवाल ने कहा कि क्रिकेट आत्मशक्ति प्रदान करता है। यह अनुशासन और एकता के सूत्र में बांधता है। यह मनोरंजन का साधन होने के साथ अंतिम क्षण तक हार न मानने की सीख देता है।

**मंत्री ने मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की**

प्रेसीडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह की मांग पर मंत्री ने हाई स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव को इस्टीमेट बनवाकर भेजने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सरगुजा में अतिशेष समायोजन की सूची को लेकर विवाद, करीब 1000 शिक्षक अतिशेष




**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** सरगुजा जिले में स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है। अतिशेष समायोजन 3 जून से किया जाना है। स्कूलों के युक्तियुक्तकरण में 1007 शिक्षकों को अतिशेष माना गया है। सरगुजा में अतिशेष सूची जारी होते ही विवाद शुरू हो गया है। अधिकारियों ने दर्जनों चहेते शिक्षकों को अतिशेष होने के बावजूद बचा लिया है। स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के तहत 227 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण आदेश जारी किया गया है। इनमें ट्राइबल के 187 और एजुकेशन के 40 स्कूल शामिल हैं।

स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है। इसमें करीब 900 शिक्षक अतिशेष की श्रेणी में आ गए हैं। सरगुजा में पहले से जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों के आसपास के स्कूलों में पदस्थ अतिशेष शिक्षक भी इस सूची में शामिल हैं। रविवार को अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी होने के साथ ही विवाद शुरू हो गया है। अतिशेष शिक्षकों की सूची में भारी विसंगतियां हैं। सरगुजा जिले में जारी अतिशेष शिक्षकों की सूची में दर्जनों शिक्षकों का नाम नहीं है, जबकि वे अतिशेष हैं।

अतिशेष शिक्षकों की नियमानुसार जानकारी डीईओ कार्यालय द्वारा स्कूलों के प्रिंसिपल और हेडमास्टरों से मांगी गई थी। कई स्कूलों में प्रिंसिपलों ने अपनी सुविधा के अनुसार स्वीकृत पद से अधिक पदस्थ शिक्षकों का नाम नहीं दिया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रिंसिपलों की सूची में से नाम गायब कर दिए गए हैं।

**शिक्षक संघों ने कहा- विसंगतिपूर्ण है सूची**

अतिशेष शिक्षकों की सूची में विसंगति को लेकर शिक्षक संघों ने भी नाराजगी जताई है। शिक्षक साझा मंच सरगुजा के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि, प्रथम दृष्टया सूची में भारी गड़बड़ी है। स्वीकृत पदों से अधिक पोस्टिंग के बावजूद कई शिक्षकों का नाम सूची में नहीं है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने अतिशेष समायोजन की काउंसलिंग का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। शिक्षक साझा मंच के प्रदेश सह संचालक सुनील सिंह ने सूची में अनियमितता को लेकर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। सुनील सिंह ने फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा है कि, युक्तियुक्तकरण के लिए शिक्षकों की सूची में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। वे इसके विरोध में सोमवार को डीईओ कार्यालय के सामने आमरण अनशन करेंगे।

**मनमानी को लेकर शिक्षकों में आक्रोश**

अतिशेष शिक्षकों की जो सूची प्राचार्यों ने भेजी थी, उनमें से नाम डीईओ कार्यालय से गायब कर दिए गए। हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी में कहीं केमेस्ट्री, तो कहीं जीव विज्ञान को सुविधानुसार मान्य किया गया। इनमें सीनियर देखा जाना था। कॉमर्स के स्थान पर कहीं भूगोल तो कहीं अर्थशास्त्र को मान्य किया गया। अतिशेष शिक्षकों को बचाने में प्रिंसिपलों ने भी खेल किया है और अपनी सुविधा के अनुसार पद स्वीकृत नहीं होने के बावजूद शिक्षकों का नाम नहीं दिया। शिक्षकों की मानें तो चहेते और पहुंच वाले अतिशेष शिक्षकों को स्कूल और डीईओ कार्यालय दोनों स्तर पर अतिशेष होने से बचाया गया है।

जिन स्कूलों के शिक्षक प्रभारी हॉस्टल अधीक्षक हैं, उन स्कूलों के शिक्षकों को अतिशेष से बाहर रखा गया है, जबकि गाइडलाइन में ऐसा प्रावधान नहीं है। नए नियमों के तहत स्कूलों में स्वीकृत पद से अधिक जो भी पदस्थापना होगी, वे अतिशेष माने जाएंगे। प्रायमरी शालाओं में 60 की संख्या तक हेडमास्टर के साथ एक शिक्षक और 60 से अधिक बच्चों पर दो शिक्षक पदस्थ होंगे। मिडिल स्कूल में हेडमास्टर सहित तीन शिक्षक होंगे। हाई व हायर सेकेंडरी में स्वीकृत पद से अधिक जितने भी शिक्षक पदस्थ हैं, वे अतिशेष माने जाएंगे।

**डीईओ बोले- विसंगति मिली तो सुधार होगा**

सरगुजा डीईओ अशोक सिन्हा ने कहा कि सूची में दावा-आपत्ति के लिए कल तक का समय दिया गया है। दावा-आपत्ति में बताएं कि कहां दिक्कत है तो विसंगति में सुधार किया जाएगा। जहां पद स्वीकृत है, उससे अधिक शिक्षकों की पदस्थापना पर वे अतिशेष माने जाएंगे। जो बचेंगे उनके ट्रांसफर के लिए राज्य शासन को लिखा जाएगा।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, देवर-भाभी सहित तीन की मौत



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग में रविवार शाम दो बाइकों में हुई सीधी भिड़ंत में देवर-भाभी सहित तीन की मौत हो गई, वहीं एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा पुल के पास हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां तीन लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल का इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर जिले के कसकेला निवासी करन यादव (20 वर्ष) अपनी प्रेग्नेंट भाभी रिया यादव (21 वर्ष) को बाइक से लेकर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज इलाज कराने के लिए ला रहा था। अंबिकापुर-बनारस मार्ग में चठिरमा पुलिया के पास तेज रफ्तार में उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक में एक नाबालिग और उसके नाबालिग साथी सवार थे।

हादसे की सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल चारों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद देवर-भाभी करन यादव और रिया यादव सहित बाइक सवार नाबालिग देव मंडल (16 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। देव मंडल मूलतः ओडिशा के संबलपुर का निवासी था और अपने मामा के घर आया था। घायल नाबालिग की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

दोनों बाइकों की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि चारों बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिर गए। हादसे में तीनों मृतकों के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आईं। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया गया है।

घटना की सूचना पर मृतकों के परिजन मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंच गए हैं। सभी मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। सोमवार को शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

## रीवा की खबरें

### ऑटो सवार दंपति से लूट, 5 तोला सोने के जेवर छीनकर भागे बदमाश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से उतरकर घर लौट रही महिला के साथ बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश 5 तोला सोने के जेवर और नगदी लेकर भाग गए। पीड़ित परिवार ने पूरे मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। घटना के संबंध में पीड़ित रेखा अग्रवाल और सुशील अग्रवाल ने बताया कि आज हम भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से रेवांचल एक्सप्रेस में सवार होकर रीवा पहुंचे। घर तक आने के लिए हम एक ऑटो में सवार हुए। हमारे साथ हमारी बेटी भी थी। जैसे ही ऑटो ढेकहा तिराहे के पास पहुंचा। दो बाइक सवार बदमाश बैग छीनकर पलक झपकते ही फरार हो गए। लूटे गए बैग में लाखों का कीमती सामान था। जिसमें 5 तोला सोना समेत नगदी शामिल है। सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि घटना के संबंध में थाने पहुंचे पति पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। घटना स्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं,बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है। रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं। इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं। बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान की रोपाई के लिए खेत को समतल करने और पडलिंग के लिए भी रोटावेटर का उपयोग किया जा सकता है। रोटावेटर का उपयोग 35 हार्सपावर से 55 हार्सपावर तक के ट्रैक्टर में सबसे कारगर होता है। रोटावेटर से सामान्य रूप में तीन घण्टे में एक हेक्टेयर के खेत में जुताई का कार्य हो जाता है। बाजार में रोटावेटर के कई माडल उपलब्ध हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार इनका उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा रोटावेटर के लिए अनुदान की भी सुविधा उपलब्ध है।

### किसानों को ई कृषि यंत्र पोर्टल से है अनुदान की सुविधा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कृषि को उन्नत बनाने के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा दी जा रही है। ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी तरह के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन के लिए भी अनुदान की भी व्यवस्था है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा दी गई है। आधार कार्ड और स्वयं की फोटो अपलोड करके भी किसान पंजीयन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के साथ-साथ किसान को अनुदान का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र देना होगा। जिसमें इस बात का उल्लेख रहेगा कि गत वर्षों में निर्धारित अवधि में किसान को अनुदान का लाभ नहीं मिला है। पंजीयन होते ही किसान को कृषि सामग्री के लिए जिले और आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध अधिकृत विक्रेताओं की सूची पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। किसान के पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से पंजीयन की जानकारी तथा विशेष कोड प्राप्त होगा। इस कोड के माध्यम से डीलर के यहाँ किसान का आवेदन पत्र खुलेगा। किसान पंजीयन का प्रिंट आउट और विक्रेताओं की सूची प्राप्त कर सकते हैं। इन अधिकृत विक्रेताओं में से किसान अपनी पसंद तथा कृषि उपकरण का मोलभाव करके विक्रेता का चुनाव कर सकते हैं। पंजीयन के बाद किसान को अधिकतम 10 दिन की समय सीमा में उपकरण खरीदना होगा। समय सीमा पूरी होने पर पंजीयन अपने आप निरस्त हो जाएगा। साथ ही किसान अगले 6 माह के लिए पंजीयन से अपात्र हो जाएगा। पोर्टल के माध्यम से किसान एक साल में केवल दो उपकरणों के लिए आवेदन कर सकता है। एक ही उपकरण को खरीदने का लाभ पुनः लेने के लिए पोर्टल में समय सीमा तय है। स्वचलित और शक्ति चलित पंप में पाँच साल तथा शेष सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइप विद्युत एवं डीजल पंप में सात साल में एक बार खरीदने का लाभ मिलेगा। ट्रैक्टर से चलने वाले कृषि यंत्रों को खरीद के समय किसान के पास उपयुक्त हार्सपावर का ट्रैक्टर होना आवश्यक है। पोर्टल में आवेदन करने के बाद आगे आएं लाभ उठाएं के आधार पर सूची के अनुसार किसानों को अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

### ईकेवायसी में लापरवाही पर सेल्समैन निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासकीय उचित मूल्य दुकान अमाव के सेल्समैन जवाहरलाल नापित को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये गये हैं। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने में रूचि न लेने तथा लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि निलंबन अवधि में श्री नापित का मुख्यालय सेवा सहकारी समिति अमाव रहेगा। खाद्यान वितरण एवं अन्य कार्यों के लिए उचित मूल्य दुकान अमाव का प्रभार सेल्समैन ओमप्रकाश मिश्रा उचित मूल्य बराखुर्द को दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारी 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह नहीं सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है। दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था।

## भगवान जगन्नाथ के रथ में सुखोई जेट के टायर लगाए

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता इस्कॉन की फेमस भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के रथ के पहियों को 48 साल बाद बदला गया है। इस बार रथ में रूसी सुखोई जेट के टायर लगाए जा रहे हैं। फाइटर जेट की टेकऑफ स्पीड 280 किमी/घंटा तक होती है। हालांकि, रथ 1.4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा। इस्कॉन कोलकाता ने बताया कि पिछले कई सालों से रथ को चलाने में समस्या आ रही थी। आयोजक 15 सालों से नए टायर की तलाश में थे। बोइंग विमान के पुराने टायरों का इस्तेमाल किया जा था, लेकिन अब वे बाजार में मिलने मुश्किल हो रहे हैं। इसके बाद आयोजकों ने सुखोई जेट के टायरों को रथ में लगाने का फैसला किया, क्योंकि इसका व्यास (डायमीटर) बोइंग के टायरों से मिलता-जुलता है। मैनेजमेंट ने कंपनी से सुखोई के 4 टायर खरीदे हैं। टायरों को इन दिनों रथ में फिट किया जा रहा है। जगन्नाथ रथ यात्रा हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होती है और शुक्ल पक्ष के 11वें दिन जगन्नाथ जी की वापसी के साथ यात्रा का समापन होता है। इस बार रथ यात्रा की शुरुआत 27 जून से होगी। यह 8 दिन तक चलेगी। 5 जुलाई को समाप्त होगी।

## एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी बोलीं-मैंने समाधि में कल्कि अवतार देखा

संभल (एजेंसी)। ममता कुलकर्णी रविवार को संभल के कल्कि धाम पहुंचीं। यहां मत्रोच्चारण के बीच उनका स्वागत किया। बॉलीवुड अभिनेत्री और किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी रविवार को पहली बार संभल पहुंचीं। उन्होंने कहा- जब मैंने समाधि ली थी, तब कल्कि अवतार देखा था। वे अमर हैं, कई वर्षों से सह्याद्रि पर्वत पर तपस्या कर रहे हैं। ममता सुबह 11 बजे दिल्ली से करीब डेढ़ करोड़ की कार से कल्कि धाम पहुंचीं। यहां पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा: नड्डा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करना केन्द्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय की प्राथमिकताओं में शामिल है।

नड्डा यहां मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं, जिनसे 'निरामय राजस्थान' की संकल्पना साकार होने लगी है।एक आधिकारिक बयान के अनुसार नड्डा ने राजस्थान में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की सराहना की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वस्थ राजस्थान के लक्ष्य को साकार करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की निरंतर समीक्षा की जा रही है।




## दिल्ली में आंधी चली- बारिश शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-हृष्टक्र में शनिवार दोपहर मौसम बदला। तेज आंधी चली। इसके कारण धूल की चादर पूरे दिल्ली-एनसीआर पर छा गई। इसके बाद कुछ देर बाद ही तेज आंधी शुरू हो गई।

मौसम विभाग ने यहां आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वोत्तर राज्यों में तेज बारिश से स्थिति गंभीर होती जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी आज असम, अरुणाचल और सिक्किम के सीएम और मणिपुर के राज्यपाल से फोन पर बात की। राज्यों को केंद्र से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्वोत्तर

## शाह बोले- पहलगाम हमला हुआ तो ममता बनर्जी चुप रहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता में कहा- ममता बनर्जी मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन एक्ट का विरोध कर रही हैं। ममता ऐसा करके देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए सीएम ममता और टीएमसी को सबक सिखाएंगी। दो



दिन के पश्चिम बंगाल दौरे के पहले दिन शाह ने विजय संकल्प कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा- जब पहलगाम आतंकी हमले में बंगाल के पर्यटक मारे गए, तब ममता बनर्जी चुप रहीं। मुर्शिदाबाद दंगा राज्य प्रायोजित था। गृह मंत्रालय ने यहां टीएमसी की तैनाती की बात कही थी, लेकिन ममता सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, जिससे हिंसा जारी रहे। शाह ने कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट को लेकर मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में ्रूस्रू के कई सीनियर लीडर शामिल थे। दंगों में 3 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कानून के खिलाफ हैं।

शाह ने कहा कि टीएमसी बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इनकार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी। लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा। हमारी सेना सभी धर्मों, जातियों और क्षेत्रों के लोगों से बनी है, जिनका एकमात्र उद्देश्य देश की रक्षा करना है। सेना की एकता उनकी वर्दी से बनती है, न कि धर्म या जाति से। कमलेसन का व्यवहार सेना के सेक्युलर सिद्धांतों के खिलाफ कमलेसन मार्च 2017 में कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट पद पर भर्ती हुए थे। उन्हें बी स्क्वाड्रन का ट्रूप लीडर बनाया गया था, जिसमें अधिकतर सिख जवान शामिल थे। कमलेसन ने अपनी याचिका में कहा कि उनकी रेजिमेंट में मंदिर और गुरुद्वारा तो है, लेकिन सभी धर्मों के लिए कोई सर्व धर्म स्थल नहीं था।

## एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला आईएसएस पर पोषण से जुड़े प्रयोग करेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्र सरकार में स्पेस विभाग के मंत्री जितेन्द्र सिंह ने शनिवार को बताया कि भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पौधों पर रिसर्च और अंकुरण (बीजों से पौधे उगने) से जुड़े वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए बायोटेक किट्स लेकर जाएंगे।ये प्रयोग इसरो और डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी ने मिलकर तैयार किए हैं, जिनमें नासा भी सहयोग कर रहा है। जितेन्द्र



सिंह ने बताया कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका में होंगे। उनके साथ अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पेगी विटसन (कमांडर), पोलैंड के स्लावोश और हंगरी के टिबोर भी होंगे। शुभांशु शुक्ला भारत के पहले प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं और कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर उनके बैकअप हैं जितेन्द्र सिंह ने बताया कि अंतरिक्ष में दो प्रयोग किए जाएंगे। पहला प्रयोग यह पता लगाएगा कि अंतरिक्ष में माइक्रो ग्रैविटी और सोलर रेडिएशन का माइक्रोएल्गी पर क्या असर पड़ता है।

## राजस्थान सहित 8 राज्यों में एनआईए की छापेमारी

जयपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने राजस्थान सहित 8 राज्यों में छापे मारे हैं। एजेंसी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इस ऑपरेशन को गोपनीय रखा गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में संदिग्ध लोगों और उनसे मिले गैजेट्स की जांच की जा रही है। एनआईए का एक्शन शनिवार सुबह शुरू हुआ था। एनआईए के सूत्रों के अनुसार जासूसी के शक में राजस्थान के तीन जगहों पर छापेमारी की गई है। हालांकि, ये साफ नहीं है कि टीमें किन शहरों में पहुंची हैं। राजस्थान के अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल राज्यों में 15 ठिकानों पर छापेमारी की गई है। संदिग्धों के घरों, कार्यालयों में दबिश दी गई है। सर्च के दौरान एनआईए की टीम को कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, पैसों का ट्रांजैक्शन, मोबाइल कॉल डिटेल, मोबाइल से फोटो और मैसेज रिकवर हुए हैं। इस दौरान डिटेन किए गए लोगों से पूछताछ की जा रही हैं। हाल ही में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने डीग के दो भाइयों को जासूसी के आरोपों में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि दोनों भाई पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के कांटैक्ट में थे। दोनों आरोपी पाकिस्तान भी जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों ने जासूसी करने की ट्रेनिंग भी ली है।

## महबूबा बोलीं- जम्मू-कश्मीर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान बना

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है।



हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है। महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की मांग समेत नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक सोच को दर्शाते हैं।

## कमल हासन के बयान पर नहीं थम रहा विवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक्टर कमल हासन के कन्नड़ भाषा पर दिए बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कुछ संगठनों ने बेंगलुरु के सिनेमाघरों में जाकर कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' न दिखाने की अपील की। वहीं, कमल हासन के बयान को लेकर चल रहे बढ़ते विवाद के बीच अभिनेता शिव राजकुमार ने अपनी मातृभाषा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। एक्टर शिव राजकुमार ने कहा, कन्नड़ मेरी पहली पसंद है, इसमें कोई शक नहीं। सभी भाषाएं मेरे लिए जरूरी हैं, लेकिन एक मातृभाषा के रूप में, कन्नड़ मेरी प्राथमिकता है। मैं कन्नड़ के लिए अपनी जान भी दे सकता हूं। जब भी कर्नाटक को लेकर कोई मुद्दा आता है, तो सबसे पहले मैं ही वहां होता हूं।

## 9 दिन में देश में 1300 प्रतिशत बढ़े कोरोना केस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसेज की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी



हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था।

ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है।

## गरीबों के लिए काम करती है आंध्र प्रदेश सरकार-मुख्यमंत्री नायडू

नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार गरीबों के लिए काम करती है और उनके लिए सभी कार्यक्रमों को क्रियान्वित करती है, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। जिले के चेयेरू में एक ग्राम सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 64 लाख से अधिक लोगों को हर महीने की पहली तारीख को कर्मचारियों की तरह ही पेंशन मिलती है। नायडू ने कहा, यह सरकार गरीबों के लिए काम करती है। हम गरीबों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए सभी कार्यक्रम चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन वितरित करने के मामले में राजग सरकार इतिहास में एक अनोखी सरकार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक कल्याणकारी पेंशन पर 34,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग दोहराई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी पार्टी की मांग को एक बार फिर दोहराया है। पत्रकारों से बात करते हुए खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार को पाकिस्तान से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने इन घटनाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए अपनी संसद का सत्र बुलाया है, और भारत को भी इस मामले में वैसी ही गंभीरता दिखानी चाहिए। खड़गे ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ मज़बूती से खड़ा है और उन्होंने



राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर एकजुटता का आह्वान किया। उन्होंने सभी राजनीतिक नेताओं से संयम बरतने और सैन्य कार्रवाई का राजनीतिकरण करने से बचने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमें पता होना चाहिए कि कब क्या बोलना है। राष्ट्रीय मामलों में एकता होनी चाहिए और अपने विरोधियों को हराने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश भर के सभी नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में चुप रहना चाहिए। इस बारे में बोलने से पहले यह समझना बेहतर है कि क्या हुआ है। प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट आने से पहले कोई चुनाव प्रचार नहीं होना चाहिए। पीएम मोदी को चुनावी भाषण देने से बचना चाहिए। आत्म-प्रशंसा की कोई जरूरत नहीं है। पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है।उन्होंने सैन्य अभियान पर प्रधानमंत्री की सार्वजनिक टिप्पणियों पर भी सवाल उठाया और कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि उन्होंने सशस्त्र बलों को पूरा अधिकार दिया है।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में सहमति बनी

इंफाल (एजेंसी)। जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था।

बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है। मणिपुर विधानसभा में 60 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के 37 विधायक हैं। इनमें से



सात कुकी-जो समुदाय से हैं जोकि बैठक में शामिल नहीं हुए थे। इंफाल राजभवन में 28 मई को एनडीए के 10 विधायकों ने राज्यपाल अजय भल्ला से मुलाकात की थी।

इनमें से एक विधायक ने बताया था, नई सरकार के ढांचे पर चर्चा हुई है। उम्मीद है कि 15 जून तक एक सरकार बन जाएगी।

विधायकों ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक शामिल था। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा था कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।

मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। राज्य में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है।

## बुमराह ने वर्कलोड और जिंदगी को लेकर कही दिल की बात

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट 'बियॉन्ड 23' में अपने करियर, फिटनेस, पारिवारिक जीवन और वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए क्रिकेट से ज्यादा उनका परिवार अहम है। बुमराह ने कहा, मेरे लिए परिवार मेरे करियर से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक स्थायी रिश्ता है। मैं दो चीजों को बेहद गंभीरता से लेता हूं एक है मेरा परिवार और दूसरा मेरा खेल, लेकिन इनमें भी परिवार पहले आता है। उन्होंने आगे बताया कि उनके बेटे ने अभी से गेंद से खेलना शुरू कर दिया है, हालांकि यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है। बुमराह की इस बातचीत के पीछे की एक अहम वजह हालिया चयन विवाद भी है। इंग्लैंड दौरे के लिए उन्हें कप्तानी का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को कप्तान बनाने का फैसला किया। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने स्क्वॉड की घोषणा के समय यह स्पष्ट किया था कि बुमराह पांचों टेस्ट नहीं खेलेंगे। अपनी फिटनेस को लेकर बुमराह ने कहा, किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक लगातार खेलते रहना मुश्किल होता है। मैंने यह लंबे समय तक किया है

## महेला जयवर्धने ने किया साई सुदर्शन की तारीफ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में साई सुदर्शन की शानदार अर्धशतकीय पारी भी गुजरात टाइटंस को हार से नहीं बचा सकी। मुंबई इंडियंस ने इस रोमांचक मुकाबले में गुजरात को 20 रन से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। साई सुदर्शन ने 49 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 80 रनों की जोरदार पारी खेली और टीम को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन अन्य बल्लेबाजों से उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

सुदर्शन के इस प्रदर्शन ने कई क्रिकेट दिग्गजों का ध्यान अपनी ओर खींचा हैं, जिनमें मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच और पूर्व श्रीलंकाई कप्तान महेला जयवर्धने भी शामिल हैं। जयवर्धने ने युवा बल्लेबाज की तकनीक और मानसिक दृढ़ता की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुदर्शन की बल्लेबाजी देखकर उन्हें काफी आनंद आया और उन्होंने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 'शानदार' करार दिया। साथ ही, जयवर्धने ने इंग्लैंड दौरे को लेकर उम्मीद जताई कि सुदर्शन वहां भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करेंगे।

जयवर्धने ने कहा कि इंग्लैंड की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होंगी, लेकिन सुदर्शन में वहां भी सफल होने की काबिलियत है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह युवा खिलाड़ी भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में बड़ा योगदान देगा।

## जेमी ओवरटन चोटिल होकर वेस्टइंडीज दौरे से बाहर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज दौरे के बीच एक बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन हाथ की उंगली में चोट के चलते वनडे और टी20 सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। यह चोट उन्हें एजबेस्टन में खेले गए पहले वनडे मुकाबले के दौरान लगी, जब उन्होंने एक रिटर्न कैच पकड़ने की कोशिश की। इंग्लैंड ने उस मुकाबले में वेस्टइंडीज को 238 रन से करारी शिकस्त दी थी, लेकिन जीत के बावजूद ओवरटन की चोट टीम के लिए परेशानी का कारण बन गई है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि अब ओवरटन टीम से अलग होकर इंग्लैंड की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे। बोर्ड ने साफ कर दिया है कि वनडे टीम में उनकी जगह किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। टीम के पास मैथ्यू पॉट्स और ल्यूक वुड जैसे विकल्प रिजर्व के रूप में मौजूद हैं, जबकि स्पिन विकल्प के रूप में टॉम हार्टले पर भी विचार किया जा सकता है। 31 वर्षीय जेमी ओवरटन ने पिछले साल ही वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया था और अब तक उन्होंने कुल छह वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने सात विकेट हासिल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए हैं। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने वर्ष 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण किया था

लेकिन इसके बाद उन्हें एक भी टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिल पाया है।

# इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ करुण नायर ने मचाया तूफान, जड़ा ताबड़तोड़ दोहरा शतक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड लॉयन्स और इंडिया ए के बीच चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में करुण नायर ने बेहतरीन दोहरा शतक ठोका है। अपनी इस पारी में नायर ने 272 गेंदों में 26 चौके और एक छक्का लगाया। बता दें कि सरफराज खान ने भी इस मुकाबले में 92 रनों की पारी खेली। लेकिन ध्रुव जुरेल शतक से चूक गए और 94 रनों की पारी उनके बल्ले से निकली।

इन तीनों खिलाड़ियों की बेहतरीन पारियों के दम पर इंडिया ए मजबूत स्थिति में है। बता दें कि, करुण नायर को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के भारतीय टीम में जगह मिली है। उससे पहले इस दोहरे शतक ने अब लगभग करुण नायर की प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की कर दी है। बता दें कि, इस सीरीज के लिए सरफराज खान को ड्रॉप कर दिया गया था। अब सरफराज ने बेहतरीन पारी खेलकर चयनकर्ताओं को जवाब दिया है। दूसरी ओर करुण नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। साथ ही इस मुकाबले में इंडिया-ए को पहला झटका छठे ही ओवर में लग गया जब कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज 8 रनों के निजी स्कोर पर एडवर्क जैक का शिकार बने। फिर दूसरे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी सेट होने के बाद जोश हल की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच थमा बैठे। 51 रनों पर दूसरा विकेट गिरने के बाद सरफराज खान और करुण नायर ने जबरदस्त पार्टनरशिप करके टीम की संभाला।

सरफराज और करुण नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 181 रनों की पार्टनरशिप हुई। सरफराज ने 119 गेंदों पर 92 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। सरफराज को जोश हल ने विकेटकीपर जेम्स रेव के हाथों कैच आउट कराया। सरफराज के आउट होने के कुछ देर बाद करुण नायर ने अपना शतक पूरा कर लिया। करुण ने फर्स्ट क्लास करियर का ये 24वां शतक रहा।



## हार्दिक पंड्या और शुभमन गिल ने नहीं मिलाया हाथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 एलिमिनेटर मुकाबला हुआ। जिसे मुंबई ने जीत लिया और क्वालीफायर 2 के लिए क्वालीफाई किया जबकि गुजरात टाइटंस बाहर हो गई। मुल्लांपुर के यादवेंद्र स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले से शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या के बीच मतभेद होने की लगातार खबरे आ रही थीं जिस पर अब खुद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने विराम लगा दिया है। दरअसल, मुकाबले से पहले टॉस के समय मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और गुजरात टाइटंस के कप्तान



शुभमन गिल के बीच एक अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई दोनों ने हाथ नहीं मिलाया, जिसका वीडियो काफी वायरल हो गया। हालांकि, हार्दिक पंड्या गिल की तरफ जरूर हाथ मिलाने के लिए बढ़े लेकिन गिल की तरफ से कोई रिस्पॉंस नहीं मिला। ऐसे में मैदान पर अजीबोगरीब सी स्थिति बन गई। हिन्दी कमेंट्री के दौरान भी इस बारे में बाताया गया लेकिन बाद में फोटो ऐसा भी सामने आया जहां दोनों एक दूसरे से हाथ मिलाते दिखे। अब खुद शुभमन गिल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है।

जिसमें उन्होंने खुद और हार्दिक पंड्या के बीच सबकुछ ठीक होने की जानकारी दी। गिल ने एक फोटो शेयर की जिसमें वे हार्दिक पंड्या के साथ दिख रहे हैं। इस फोटो के कैप्शन में शुभमन गिल ने लिखा कि, सिर्फ प्यार है इंटरनेट पर जो कुछ भी देखते हैं, उस पर यकीन मत करें।

## गुजरात टाइटंस की हार के बाद इस दिग्गज ने उठाए शुभमन गिल की कप्तानी पर सवाल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इसके बाद शुभमन गिल की कप्तानी पर सवाल उठने लगे हैं। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने प्रसिद्ध कृष्णा से पावरप्ले में गेंदबाजी कराने के फैसले को समझ से परे बताया है।

गुजरात की हार के बाद शुभमन गिल आलोचकों के निशाने पर हैं। खासतौर पर पावरप्ले में प्रसिद्ध कृष्णा से गेंदबाजी कराने की बात हजम नहीं हो रही है। लीग स्टेज तक प्रसिद्ध कृष्णा मिडिल ओवर्स में गेंदबाजी कर रहे थे। उनके ज्यादातर विकेट भी इसी दौरान गेंदबाजी करते हुए आए हैं। प्रसिद्ध के नाम इस सीजन 15 ओवरों में 25 विकेट हैं। जियोस्टार पर गिल की रणनीति पर सवाल उठाते हुए रॉबिन उथप्पा ने कहा कि जीटी की रणनीति रिएक्टिव की जगह, प्रोएक्टिव थी। मिडिल ओवर्स में सफल होने के बावजूद प्रसिद्ध कृष्णा से शुरुआती ओवरों में गेंदबाजी कराने की बात समझ नहीं आई।

उथप्पा ने कहा कि प्रसिद्ध कृष्णा का पहला ओवर महंगा रहा। इसके बाद वह कभी ट्रैक पर लौट ही नहीं पाए। जीटी की टीम इसकी भरपाई नहीं कर पाई। इसके अलावा उनकी फील्डिंग भी काफी खराब रही। उन्होंने कहा कि आप इसतरह से थोक के भाव में कैच छोड़कर चैंपियनशिप जीतने के बारे में सोच भी नहीं सकते। बता दें कि, इस मैच में गिल भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं दिखा पाए। वह सिर्फ एक रन बनाकर ट्रेंट बोल्ट का शिकार बने।

## आईपीएल 2025 फाइनल से पहले म्यूनिख पहुंचे आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। जय शाह पिछले साल आईसीसी चेयरमैन की कुर्सी पर बैठे थे। उसके बाद उन्होंने लगातार वैश्विक स्तर पर क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाने का प्रयास किया है। महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने से लेकर 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की एंट्री जैसे प्लान को सफल बनाने के लिए जय शाह प्रतिबद्ध दिखाई पड़े हैं। अब उन्होंने यूएई चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल से पहले यूएफा के अध्यक्ष अलेक्जांडर सेफरिन से मुलाकात की है।

चैंपियंस लीग का फाइनल मैच पेरिस सेंट जर्मेन और इंटर मिलान के बीच खेला जाना है। खिताबी भिड़ंत म्यूनिख के आलियांज अरीना में होगी, जिससे पहले आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि म्यूनिख में क्रिकेट के प्रतिनिधि के रूप में जाना उनके लिए सम्मान की बात रही।

वहीं जय शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि, म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधि बनना गौरव का विषय रहा। चैंपियंस लीग के फाइनल से पहले श्वस्त्र प्रेसिडेंट अलेक्जंडर सेफरिन से मिला। खेल जगत की बड़ी हस्तियों से मिलना हमेशा सम्मान की बात होती है और आईसीसी निरंतर क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।




बता दें कि, इस साल जय शाह ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रेसिडेंट थॉमस बाक से मुलाकात की थी। 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक्स में क्रिकेट की वापसी होने वाली है, जिसमें कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार सिर्फ 6 टीम ही हिस्सा लेने वाली है।

# शाहिद अफरीदी के स्वागत पर ट्रोल होने के बाद केरल समुदाय ने दी सफाई



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दुबई में केरल की एक प्रवासी कम्यूनिटी द्वारा पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के जोरदार स्वागत को लेकर सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। इस घटना के बाद कोचिन यूनिवर्सिटी बीटेक एलुमनाई एसोसिएशन, यूएई ने माफी मांगते हुए सफाई दी है कि उनका इरादा किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था। दरअसल, हाल ही में दुबई में सीयूबीएए द्वारा आयोजित एक इंटर-कॉलेज डांस प्रतियोगिता के दौरान शाहिद अफरीदी का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें लोग आफरीदी के मशहूर निकनेम बूम-बूम के नारे लगा रहे थे। वीडियो में आफरीदी केरल और वहां के खाने की तारीफ करते नजर आए। लेकिन ये गर्मजोशी भरा स्वागत कई नेटिजन्स और राइट विंग समर्थकों को नागवार गुजरा। सोशल मीडिया पर लोगों ने सीयूबीएए की आलोचना की, क्योंकि आफरीदी ने हाल ही में पहलगाम को शर्मनाक बताया तो दूसरे नेकहा कि ऐसे शख्स का स्वागत किया जा रहा है जो हमारे मुल्क के खिलाफ बयानबाजी करता है। इस बवाल के बाद सीयूबीएए ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए माफी मांगी और पूरी घटना की सफाई दी। सीयूबीएए ने बताया कि उन्होंने अपने डांस प्रतियोगिता के दूसरे सीजन के लिए पाकिस्तान एसोसिएशन दुबई को वेन्यू के तौर पर बुक किया था। ये वेन्यू पिछले साल भी इस्तेमाल किया गया था, क्योंकि ये किफायती था। आयोजकों ने कहा कि 25 मई को हुए उनके कार्यक्रम के दिन भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पहले ही कम हो चुका था। लेकिन उस दिन उसी ऑडिटोरियम में एक और कार्यक्रम के लिए कुछ क्रिकेटर, जिनमें शाहिद अफरीदी भी शामिल थे, पहुंच गए। सीयूबीएए ने साफ किया कि न तो उनकी टीम ने और न ही किसी एलुमनाई मेंबर ने आफरीदी को बुलाया था।


## भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते 24 पदक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए।

पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा।

भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे लेकिन जब स्वर्ण पदकों की संख्या छह थी। पारुल





महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15-15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था।

पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका।वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश में बागपत के निकट खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार में जन्में यादव का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था।

इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले कुजूर ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.40 सेकंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था।

सतना में अवैध अस्पताल पर प्रशासन की कार्रवाई

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे हॉस्पिटल को किया सील, मरीज जिला अस्पताल शिफ्ट



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे एक निजी अस्पताल को सील कर दिया। हेल्थ केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ओल्ड आरटीओ ऑफिस भरहुत नगर में की गई कार्रवाई एसडीएम राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में हुई। रविवार को निरीक्षण के दौरान अस्पताल में एक मरीज गणपत सिंह (23) भर्ती मिला। उसे तत्काल जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया। जांच में तीन अन्य मरीजों मोतीलाल कोल, के.पी.एस. तिवारी और साइना चौधरी के इलाज से जुड़े दस्तावेज भी मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। स्वास्थ्य विभाग को मिली शिकायत के बाद की गई जांच में पाया गया कि अस्पताल मध्यप्रदेश उपचार्यगृह तथा रुजोपचार अधिनियम, 1973 और नियम, 1997 (यथासंशोधित 2021) की धारा 3 का उल्लंघन कर रहा था।

**नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी:** निरीक्षण दल में एसडीएम सिलाडिया के अलावा डॉ. अमर सिंह (नोडल अधिकारी), आशुतोष प्यासी (शाखा लिपिक), पटवारी अखंड प्रताप सिंह और अनूप पांडे शामिल थे। एसडीएम ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सतना में इथेनॉल प्लांट के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

# ग्रामीणों ने दी चेतावनी, 15 दिनों में उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो करेंगे उग्र आंदोलन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के मझगवां में इंडो न्यूक्लियर इथेनॉल प्लांट के खिलाफ रविवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। सतना के मझगवां में इंडो न्यूक्लियर इथेनॉल प्लांट के खिलाफ रविवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में प्लांट के मेन गेट पर प्रदर्शन हुआ। तहसीलदार हिमांशु शुक्ला को ज्ञापन सौंपा गया है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों में उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ग्राम पंचायत देवलहा के उमरिहा में बने प्लांट पर आरोप लगे हैं कि प्लांट से निकलने वाले धुएं से इलाके में प्रदूषण फैल रहा है। प्लांट प्रबंधन पर स्टॉप डैम से अवैध रूप से पानी निकालने का भी आरोप है। हाल ही में एक ग्रामीण की नहाते समय प्लांट की मोटर में फंसकर मौत हो गई थी।

**प्लांट के 5 किमी के दायरे में लोगों को सांस लेने में दिक्कत:** इसके अलावा प्लांट के 5 किलोमीटर के दायरे में लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा प्रभावित मवासी जनजाति की बस्ती है, जो प्लांट से सिर्फ 300 मीटर की दूरी पर है।





ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री का धुआं और काला पाउडर खाने-पीने की चीजों में मिल रहा है। खेतों में तरल कचरा बहाया जा रहा है, जिससे कृषि को नुकसान हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सतना में खरबूजा व्यापारी की दुकान से लाखों की चोरी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र के सोनवर्षा स्थित फल और सब्जी मंडी में एक खरबूजा व्यापारी की दुकान से बदमाश लाखों रुपए नकदी और मोबाइल से भरा बैग लेकर फरार हो गए।



कृष्ण नगर मुरली भवन निवासी आकाश सेवानी ने बताया कि वे सुबह अपनी दुकान पर व्यवसाय के लेनदेन के लिए बैग लेकर आए थे। बैग रखकर काम में व्यस्त हो गए, तभी तीन बदमाश दुकान में घुसे और बैग लेकर फरार हो गए।

पीड़ित ने कोलगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# युवती ने मां और भाई पर लगाया गर्भपात कराने का आरोप

## युवती बोली- झूठी शिकायत कर पति को जेल भिजवाया



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में अपहरण के आरोप में एक युवक को 9 दिन पहले जेल भेजा गया था। जिस युवती के अपहरण का आरोप था, उसी ने पूरे मामले को झूठा बताया है। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है।

19 साल की युवती ने एसपी आशुतोष गुप्ता से शिकायत की है। उसने बताया कि 15 जनवरी को उसने बिरसिंहपुर में अनुज कोल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया था। इसके बाद वो बैंगलोर चली गई। उसकी मां और भाई ने कोतवाली में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने उसे बहला-फुसलाकर सतना वापस बुला लिया।

युवती ने आरोप लगाया कि उसके परिवार ने कोर्ट में भी गलत बयान दिलवाकर उसके पति को जेल भिजवा दिया। जब उसे गर्भवती होने की जानकारी मिली, तो मां और भाई ने साजिश के तहत उसे अबॉर्शन की गोली खिलाई। उमरी मोहल्ले के एक मेडिकल स्टोर में उसका गर्भपात करा दिया गया।

**'दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी'** : युवती ने इस मामले में मां और भाई के अलावा लालपुर-सगमनिया की दो महिलाओं पर भी आरोप लगाए हैं। एसपी ने मामले की जांच सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह परिहार को सौंपी है। टीआई ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच कर साक्ष्य जुटाए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रीवा में बाइकर्स गैंग ने फिर महिला से की लूट की वारदात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर में सक्रिय बाइकर्स गैंग ने एक बार फिर महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश ऑटो से उतरते ही पीड़ित महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित परिवार रानी कमलापति ट्रेन में सवार होकर रीवा आया और रेलवे स्टेशन से ऑटो में सवार होकर शहर के ढेकहा तिराहे पर पहुंचा तभी ऑटो में सवार महिला सहित उसका परिवार जैसे ही नीचे उतरा तभी बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार कर महिला का पर्स छीना और फरार हो गए। पीड़ित महिला के पति ने शोर मचाते हुए उनका पीछा करने का भी प्रयास भी किया लेकिन तब तक बदमाश काफी दूर निकल चुके थे। घटना के संबंध में पीड़ित महिला राखी अग्रवाल के पति सुशील अग्रवाल ने बताया कि बैग में दस हजार नगदी सहित सात तोला सोना भी रखा था। पीड़ित परिवार ने सिविल लाइन थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# रीवा में फर्जी अनुकम्पा नियुक्ति हथियाने वाले भृत्य पर केस दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में शिक्षा विभाग में फर्जी अनुकंपा नियुक्ति मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनुकम्पा नियुक्ति हासिल की थी, जिसका खुलासा होने पर उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। बतादें कि 11 अप्रैल 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनुकंपा नियुक्ति का आदेश जारी हुआ था, जिसमें पुत्र बृजेश कुमार कोल निवासी परसिया थाना जवा को भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने का उल्लेख किया गया था। यह नियुक्ति गंगेव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोड़ौरी में भृत्य के पद पर की गई थी। बृजेश की जोड़ौरी में 17 अप्रेल को ज्वाइन भी करा ली गई थी। संबंधित ने जब अप्रेल में किए गए कार्यों की वेतन मांगी तो जोड़ौरी प्राचार्य ने दस्तावेजों का परीक्षण शुरू कराया। पूरे मामले की जांच की गई तब फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा प्रसाद गुप्त ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस मामले की जांच कर तथ्यों को जुटाने में लगी है।

# 4 जून को रीवा आएंगे सीएम, हितग्राहियों को करेंगे लाभान्वित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 4 जून को रीवा जिले का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों के सम्मेलन में शामिल होंगे। महिला स्वसहायता समूह के सम्मेलन में शामिल होने के साथ मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल गंगेव स्टेडियम का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साउंड सिस्टम और प्रकाश व्यवस्था तथा दौरे से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।



# अजीबोगरीब चोरी, कार से आये बदमाश, बाइक लेकर हुए फरार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर में अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है। कार में सवार होकर आया बदमाश अपने वाहन को छोड़कर एक युवक की बाइक लेकर चंपत हो गया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। सिटी कोतवाली के ग्राम जोरी निवासी सत्यम तिवारी अपनी बाइक से अमहिया दुकान जा रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे उसने ललपा के पास बाइक रोकी और कुछ दूरी पर काम से चला गया। उसी दौरान एक बदमाश कार से आया और अपनी गाड़ी वहीं रोककर सत्यम की बाइक में पहले से चाबी लगी होने का फायदा उठाकर आसानी से लेकर भाग निकला। युवक जब वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी और पास में कार खड़ी थी। सूचना पर पुलिस ने कार को अभिरक्षा में ले लिया है। कार किसी आनंद विश्वकर्मा की है। आशंका है कि कार चोरी की है, पुलिस उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश जारी है।



सतना पुलिस और नगर निगम टीम ने रेस्क्यू कर निकाला और अस्पताल पहुंचाया

# सूखे कुएं में मिला तीन माह का नवजात, रोने की आवाज सुनकर राहगीर ने देखा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र स्थित एक सूखे कुएं में रविवार सुबह एक तीन माह का नवजात मिला। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और नगर निगम की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद मासूम को बाहर निकाला। बच्चे को जिला अस्पताल में रखा गया है। पुलिस उसके माता-पिता की तलाश कर रही है।

कोलगवां निवासी डॉक्टर सुधीर जैन ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6 बजे वह रोज की तरह वार्ड नंबर 23 संग्राम कालोनी में कुशवाहा डेयरी से दूध लेने जा रहे थे। इस दौरान इंडियन बैंक के पास उन्होंने कुएं से किसी डॉगी के भौंकने की आवाज सुनी। इसके बाद जब उन्होंने कुएं में झांका तो बच्चा दिखाई दिया, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

**एक घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला:** सूचना के बाद मौके पर पुलिस और नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान एक फायर कर्मी को रस्से के सहारे कुएं में उतारा गया और स्थानीय लोगों की मदद से सुबह करीब 7 बजे बच्चे को सकुशल बाहर निकाला इसके बाद डॉगी को भी बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि**, सुबह कुएं से बच्चे के रोने की आवाज सुनकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर नगर निगम टीम और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को सकुशल बाहर निकाला गया। 3 माह का बच्चा किसका है और वह कुएं में कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है।





## सड़क किनारे खुले कुएं में गिरा युवक



सतना में हिनौता गांव के पास शनिवार रात साढ़े 11 बजे एक युवक सूखे कुएं में गिर गया। सभापुर पुलिस और राहगीरों ने रस्सी की मदद से उन्हें तीन घंटे बाद बाहर निकाला। गंभीर हालत में युवक को बिरसिंहपुर के प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घायल बालकृष्ण त्रिपाठी(29) बाइक से दो साथियों के साथ बिरसिंहपुर से अपने गांव झखौरा जा रहा था। हिनौता गांव के पास पेशाब करने के लिए रुकने पर वो सड़क किनारे स्थित 60 फिट गहरे सूखे कुएं में गिर गया। उसके साथियों ने शोर सुनकर राहगीरों और पुलिस को सूचना दी। उल्लेखनीय है कि इंदौर हादसे के बाद 3 अप्रैल 2023 को जिला प्रशासन ने सड़क किनारे खुले या बिना जगत वाले कुएं और खुले बोर वेल को बंद करने के आदेश जारी किए थे। लेकिन स्थानीय प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

## कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 2 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री जी के 4 जून को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में 2 जून को आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। बैठक साप्ताहिक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# संभागीय दल कर रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों और निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 6 संभाग स्तरीय अधिकारियों के दल तैनात किये हैं।

इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान का जायजा लिया जा रहा है। गत दिवस संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी एवं आपूर्ति नियंत्रक ने सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखण्ड एवं मैहर जिले के अमरपाटन विकासखण्ड में जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। दल ने खेत तालाब निर्माण तथा कुंए में रिचार्ज पिट निर्माण का अवलोकन किया।

इस दल का नेतृत्व चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे ने किया। अधीक्षण यंत्री पीएचई तथा अन्य अधिकारियों ने रीवा जिले के सिरमौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरा में चेकडैम निर्माण एवं बोरीबंधान का निरीक्षण किया। इसी दल ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड के ग्राम दादर में हितग्राही सुदामा साहू के द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब एवं कुंए में रिचार्ज पिट का भी निरीक्षण किया गया। इसी गांव में रामचन्द्र साहू द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम दादर में गतवर्ष चेकडैम का निर्माण कराया गया था। उसमें अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। जो आमजनता के निस्तार और पशुओं के पीने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

# सतना में तेज हवाओं के साथ बारिश, कई पेड़ गिरे, बिजली की तारें भी टूटी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में रविवार दोपहर के बाद मौसम में अचानक बदलाव आया। उमस के बीच आसमान में बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ जिले के कई इलाकों में बारिश हुई। इस दैरान ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरे और बिजली की तारें टूटी।

मौसम विभाग के अनुसार, हवा की रफ्तार 30 किलोमीटर प्रति घंटा रही। रविवार सुबह अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में हुई बारिश के बाद तापमान में 7 डिग्री की गिरावट आई।

शहर में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, यह बदलाव प्री-मानसून गतिविधियों का परिणाम है। अगले 2 दिनों तक मौसम ऐसा ही बने रहने का पूर्वानुमान है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रहा जल संरचनाओं का निर्माण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पानी को सहेजने के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत मऊगंज जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सरैहा में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। यहां गत दिवस जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, गांव के सरपंच तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा ने त्योंथर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घटेहा में चल रहे अमृत सरोवर और खेत तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों के निर्माण के संबंध में उपयांत्रियों को निर्देश दिये। अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम भटलों में नल जल योजना की पाइप लाइन लिकेज में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति अनुसूचित जाति बस्ती में शुरू करायी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।